## न्यूज ब्रीफ

### चेतावनीः तीन दिन में जमा करें यूपीसीए रजिस्ट्रेशन फीस

मुरादाबाद, अमृत विचार : डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव विजय गुप्ता का कहना है कि जिन खिलाड़ियों ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है और उन्हें चालान प्राप्त हो चुका है, लेकिन अभी तक चालान में अंकित निर्धारित फीस डीएसए कार्यालय में जमा नहीं कराई है, वह तत्काल शुल्क जमा कर दें। उन्होंने बताया कि यूपीसीए से प्राप्त मेल के अनुसार डीएसए मुरादाबाद के खिलाड़ियों को जारी किए गए कुल चालानों में से लगभग 50 प्रतिशत की फीस अब तक जमा नहीं हुई है। यदि निर्धारित समय में फीस जमा नहीं की गई तो वेबसाइट बंद होने के बाद शुल्क स्वीकार नहीं किया जा सकेगा और प्राप्त चालान अमान्य हो जाएंगे। इससे बचने को तीन दिन के भीतर अपने चालान के साथ निर्धारित फीस डीएसए में अनिवार्य रूप से जमा करा दें। अन्यथा संबंधित खिलाड़ी किसी भी ट्रायल्स या आधिकारिक मैचों में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देकर निकाला

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना सिविल लाइंस के हरथला चौकी क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह 30 अक्टूबर 2023 को हरथला क्षेत्र के ही एक युवक से हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति और ससुराल वाले दस लाख रुपये और कार की मांग को लेकर उसे परेशान करने लगे। पीड़िता के अनुसार 13 नवंबर 2024 को उसने बेटी को जन्म दिया, जिसके बाद उत्पीड़न और बढ़ गया। आरोप है कि एक दिन जेठ ने घर में अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लीलता की। शिकायत पति से करने पर उसने गाली-गलौज कर धमकाया। प्रताड़ना से तंग आकर वह 16 जुलाई 2025 को मायके चली गई। बाद में पंचायत के बाद 15 दिसंबर 2025 को उसे दोबारा ससुराल भेज दिया गया। आरोप है कि ससुराल लौटने के बाद देवर ने भी छेड़छाड़ की। विरोध करने पर पति और ससुरालियों ने मारपीट कर तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। सिविल लाइंस थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पति, जेठ, देवर, सास समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पति की बीमारी का डर दिखा महिला से पांच हजार ठगे

संवाददाता, बिलासपुर

- पीड़िता ने शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई

अमृत विचारः ठगों ने महिला को पति की बीमारी का डर दिखाकर उससे पांच हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने इसकी शिकायत साइबर थाने में दर्ज कराई है।

नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी सायना का पति मजहर अली दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। अज्ञात ठग ने महिला को फोन कर बताया कि उसके पति की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना होगा। अस्पताल का खर्च और इलाज के नाम पर ठग ने तत्काल पैसों की मांग की। बीमारी की खबर सुनकर पीड़िता घबरा गई और बिना जांच-पड़ताल किए ठग द्वारा बताए गए खाते में पांच रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब महिला ने अपने पति को फोन लगाया, तो पति ने खुद के पूरी तरह स्वस्थ होने की बात कही। ठगी का अहसास होते ही महिला कोतवाली स्थित साइबर थाने पहुंची। साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात फोन काल पर भरोसा कर पैसे ट्रांसफर न करें। किसी भी आपात स्थिति की सूचना मिलने पर पहले संबंधित व्यक्ति या उसके कार्यस्थल पर संपर्क कर पता जरूर लगाएं।

## मनोविज्ञानी, शिक्षक व टॉपर ने दी सलाह, सकारात्मकता व संतुलित तैयारी से ही बेहतर परिणाम संभव

# तुलना छोड़ें और डरें नहीं तैयारी से जीतें परीक्षा का रण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : परीक्षा का समय नजदीक आते ही विद्यार्थियों में तनाव और घबराहट बढ़ने लगती है। कई छात्र खुद की तुलना दूसरों से करने लगते हैं, जिससे आत्मविश्वास कमजोर पड़ता है और परीक्षा का डर मन पर हावी हो जाता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय सबसे जरूरी है स्वयं पर भरोसा रखना, सकारात्मक सोच बनाए रखना और अनावश्यक तुलना से बचना। शहर के शिक्षाविदों और मनोविज्ञान विशेषज्ञों ने छात्रों को सलाह दी है कि वे परीक्षा को जीवन की अंतिम कसौटी न समझें, बल्कि इसे सीखने और खुद को परखने का अवसर मानें। डर और तुलना की भावना न केवल मानसिक दबाव बढ़ाती है, बल्कि एकाग्रता और प्रदर्शन पर भी नकारात्मक असर डालती है।



पिछले वर्ष हाईस्कूल में 95 .83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली टॉपर अंजली मौर्य ने बताया कि उन्होंने कभी भी खुद की तुलना अपने सहपाठियों से नहीं की। उनका मानना है कि जब हम दूसरों को देखकर पढ़ते हैं, तो हमारा ध्यान लक्ष्य से भटक जाता है। उन्होंने रोजाना अपनी प्रगति पर ध्यान दिया और खुद से बेहतर करने की कोशिश की। परीक्षा से पहले उन्होंने सोशल मीडिया से दूरी बनाई और समय का सही प्रबंधन किया। उनका कहना है कि परीक्षा जीवन का एक हिस्सा है, पूरी जिंदगी नहीं। यदि मन में सकारात्मक सोच और खुद पर भरोसा हो, तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं रहता।



मनोवैज्ञानिक रीना तोमर का कहना है कि परीक्षा का डर अक्सर मन की उपज होता है। जब छात्र बार-बार यह सोचते हैं कि दूसरे उनसे ज्यादा तैयार हैं या बेहतर अंक लाएंगे, तो उनके भीतर हीन भावना जन्म लेती है। उन्होंने बताया कि तुलना करने से आत्मविश्वास में कमी आती है और दिमाग में नकारात्मक विचारों का संचार होता है। इससे तनाव, अनिद्रा और घबराहट जैसी समस्याएं सामने आती हैं। कई बार छात्र पढ़ाई के बजाय परिणाम को लेकर ज्यादा चिंतित हो जाते हैं, जिससे तैयारी प्रभावित होती है। सुझाव दिया कि विद्यार्थी अपनी क्षमताओं को पहचानें और अपनी गति से तैयारी करें। माता-पिता को भी चाहिए कि वे बच्चों की तुलना रिश्तेदारों या पड़ोसियों से न करें, बल्कि उनका उत्साह बढ़ाएं।



शिक्षक डॉ. विशेष कुमार शर्मा का कहना है कि परीक्षा में सफलता का मूल मंत्र है नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास। उन्होंने बताया कि कई छात्र दूसरों के अंकों को देखकर खुद को कमतर समझने लगते हैं, जबकि हर छात्र की क्षमता और सीखने की शैली अलग होती है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय पढ़ाई की सही योजना बनाना जरूरी है। छोटे-छोटे लक्ष्य तय कर उन्हें पूरा करने से आत्मविश्वास बढ़ता है। यदि किसी विषय में कमजोरी महसूस हो तो शिक्षक से मार्गदर्शन लें, बजाय इसके कि खुद को दूसरों से तुलना कर निराश हों। उन्होंने यह भी कहा कि माता-पिता और शिक्षक दोनों को चाहिए कि वे बच्चों पर अधिक अंक लाने का दबाव न डालें। सकारात्मक माहौल और प्रोत्साहन से ही छात्र बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं।

# वैलेंटाइन डे का विरोध, पार्कों में प्रेमिका से प्रेमी को बंधवाईं राखी

## शिवसैनिकों ने किया प्रदर्शन, दुकानदारों ने छिपाया वैलेंटाइन डे से जुड़ा सामान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : वैलेंटाइन डे के विरोध में युवा शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन किया। महानगर के बुध बाजार से ताड़ीखाना रोड पर वैलेंटाइन डे की सामग्री बेचने वालों दुकानदारों से सामग्री न बेचने की अपील कर सामान हटवाया। तो कुछ प्रदर्शन देखकर सामान छिपा लिया। होटल व पार्कों में वैलेंटाइन डे मनाने पहुंचे युवक-युवतियों को फटकार लगाई और कई प्रेमी जोड़ों को राखी बंधवाई। कहा कि वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है।

शनिवार को युवा शिवसेना के जिला प्रमुख मुदित उपाध्याय के नेतृत्व में शिवसेना के कार्यकर्ता महानगर की सड़कों को कई टुकड़ियों में निकले तो कुछ टुकड़ियां मोटरसाइकिल और कुछ पैदल भी थीं। शिवसैनिकों ने वैलेंटाइन डे के विरोध जुलूस निकाला। इसके साथ ही शिव सैनिकों ने होटल-पार्कों में बैठे प्रेमी जोड़ों को फटकार लगाई। कई को कान पकड़ कर उठक-बैठक कराकर चेतावनी देते हुए छोड़ा। कई स्थानों पर प्रेमिका से प्रेमी को राखी बंधवाई गई, जिसे संगठन ने भारतीय संस्कृति का संदेश बताया। युवा शिव सैनिकों ने कहा कि वैलेंटाइन डे जैसे आयोजनों से भारतीय परंपराओं और संस्कृति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। हालांकि पुलिस प्रशासन ने निगरानी की जिससे माहौल बिगड़ने नहीं पाया।



वैलेंटाइन डे के खिलाफ मुरादाबाद के बुध बाजार में प्रदर्शन करते शिव सैनिक।



कंपनी बाग में युवक को राखी बांधती युवती।

### वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति में स्वीकार नहीं

मुरादाबाद, अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी के द्वारा शनिवार को वैलेंटाइन डे पर सर्च आपरेशन चलाया। इसमें प्रेमी जोड़ों को पार्कों आदि से वापस भेजा। कहा कि वैलेंटाइन डे पाश्चात्य संस्कृति भारतीय संस्कृति में स्वीकार्य नहीं है। राष्ट्रीय बजरंग दल की 25 टीमों ने सक्रियता दिखाकर पार्कों में घूमी। जहां भी प्रेमी जोड़ा दिखा उसे वापस भेजा। शहर के प्रमुख कंपनी बाग में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना व राष्ट्रीय महिला परिषद की प्रदेश अध्यक्षा वंदना शर्मा के नेतृत्व में टीमें पहुंचीं। इस दौरान जय शर्मा, रोहित भटनागर, जतिन प्रजापति, अभिषेक श्रीवास्तव,अनुज आर्य, गंगा राणा, सुशांत गुप्ता, दीपक, भानु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पर शादी का आरोप लगा हंगामा

कुन्दरकी, अमृत विचार : ग्राम नानपुर में शनिवार को एक महिला पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष के घर के बाहर धरने पर बैठ गई। महिला ने चिल्ला-चिल्लाकर शादी होने का दावा किया और घर में घुसने की जिद पकड़ ली। महिला का दावा है कि मंडल अध्यक्ष ने लंबे समय तक शारीरिक संबंध बनाए रखे और विवाह का लालच देकर मंदिर में शादी रचा ली। लेकिन अब उसे ठुकरा दिया गया है।

गुस्साई महिला बोली, पत्नी का हक दिलाओ, वरना यहीं मर जाऊंगी। गांव वाले जमा हो गए, हंगामा मच गया।कुन्दरकी थाने की पुलिस ने पहुंचकर माहौल संभाला। महिला को मनाने की कोशिश की, लेकिन वह अड़ी रही।

पूर्व अध्यक्ष ने सारे इल्जामों को बकवास करार दे इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताया। रात भर पुलिस तैनात रही, बातचीत जारी। क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। दोनों ही पक्षों की बात को सुना जाएगा और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं को बड़े उम्र के रोग दे रही खराब जीवनशैली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- टाइप-5 डायबिटीज के बढ़ते मामले, रोजाना 10-15 मरीज पहुंच रहे जिला अस्पताल

अमृत विचार : जिले में टाइप-5 डायबिटीज के मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। जिला अस्पताल के मेडिसन विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 10 से 15 मरीज इस बीमारी से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश मरीज मोटापे के शिकार नहीं हैं, फिर भी उनका ब्लड शुगर स्तर सामान्य से अधिक पाया जा रहा है।

जिला अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि टाइप-5 डायबिटीज का मुख्य कारण मेच्योरिटी ऑनसेट डायबिटीज ऑफ यंग (एमओडीवाई) है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें कम उम्र के लोगों में बिना मोटापे के भी शुगर की समस्या विकसित हो जाती है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त नींद न लेना, पौष्टिक आहार की कमी और नियमित व्यायाम न करना भी समस्या बढ़ती है। क्योंकि डायबिटीज केवल शुगर तक सीमित बीमारी नहीं है, बल्कि यह हृदय, गुर्दा और लिवर जैसे महत्वपूर्ण अंगों को भी प्रभावित कर सकती है।

इसके प्रमुख लक्षणों में पेट में दर्द, अचानक वजन कम होना, बार-बार डायरिया, मुंह से बदबू आना और लगातार थकान शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत परामर्श लेना चाहिए। डॉक्टरों का कहना है कि जीवनशैली में सुधार कर टाइप-5 डायबिटीज के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

### बचाव के लिए अपनाएं ये उपाय

- रोजाना कम से कम सात से आठ घंटे की पर्याप्त नींद लें। 
- संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें, जिसमें हरी सब्जियां, फल और फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ शामिल हों। 
- नियमित रूप से कम से कम 30 मिनट व्यायाम या तेज चाल से पैदल चलें। 
- अत्यधिक मीठे और जंक फूड से परहेज करें। 
- समय-समय पर ब्लड शुगर की जांच कराते रहें, विशेषकर यदि परिवार में डायबिटीज का इतिहास हो। 
- तनाव को नियंत्रित रखें, योग और ध्यान का सहारा लें। 
- धूम्रपान और शराब के सेवन से बचें। 
- डॉक्टर की सलाह के बिना दवाओं का सेवन न करें और नियमित फॉलोअप कराते रहें।

# दावे खोखले, जर्जर उपकरणों से खतरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बिजली विभाग का हाल: तीन वर्ष से सुल्तानपुर गांव में ट्रांसफार्मर खराब
- बिजली अधिकारी कह रहे शत-प्रतिशत खराब उपकरणों को बदलने की बात

अमृत विचार : बिजली विभाग के अधिकारी शत-प्रतिशत खराब उपकरणों को बदलने की बात कर रहे हैं लेकिन हकीकत उलट है। नगर क्षेत्र में गुरहट्टी से कोर्ट रोड जाने वाली सड़क के बीचों-बीच वर्षों से एक बिजली का पोल खड़ा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी है। बंगला गांव, दौलत बाग चार खंबा रोड पर तारों के अत्यधिक बोझ से एक पोल झुका है।

गुरहट्टी चौराहे पर संचालित अरविंद मेडिकल स्टोर के संचालक ने बताया कि सड़क के बीचोबीच खड़े बिजली के पोल से रात में कई हादसे हो चुके हैं। इससे जाम भी लगता है। शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस है। टैक्सी स्टैंड विद्युत उपकेंद्र के सामने हाईवे पर भी एक बिजली का पोल काफी समय से झुका हुआ है। जिससे व्यस्त मार्ग पर हादसे का डर है।



प्रिंस रोड पर सड़क से दो फिट ऊंचाई पर खुला ट्रांसफार्मर।

वहीं प्रिंस रोड और एकता विहार, कबीर नगर क्षेत्र में सड़क से मात्र दो फीट की ऊंचाई पर खुले में रखा ट्रांसफार्मर लोगों के लिए खतरा बना है।

ब्लॉक कुंदरकी के गांव सुल्तानपुर में पिछले तीन वर्षों से खराब ट्रांसफार्मर खराब स्थिति में यूं ही रखा है। एक बिजली का पोल टूटा पड़ा है। वहीं गांव में एलटी लाइन के टूटे तार पड़े हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना हो सकती है। कांठ रेलवे स्टेशन के पास स्थित कांठ विद्युत केंद्र में बरसात के दौरान दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है। ऐसे में बिजली कर्मचारियों का वहां जाना भी जोखिम भरा रहता है। अधिकारियों का कहना है कि एप्रोच निर्माण के लिए कई बार प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

> उपकरणों में जर्जर तार और बिजली के पोल बदले गए है। ट्रांसफार्मर की बैरिकेडिंग कराई गई है। यदि कहीं कुछ छूट गया है तो संबंधित एसडीओ को भेज कर उसमें सुधार कराएंगे। – प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता नगरीय मुरादाबाद



गांव सुल्तानपुर में पिछले 3 साल से खराब पड़ा ट्रांसफार्मर।



दौलत बाग विद्युत केंद्र के बाहर जमीन पर लटके 11 पावर के तार।

# कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो कर लूंगी आत्मदाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- फारुख हत्याकांड मामले में पत्नी गौसिया ने दी चेतावनी
- 11 फरवरी को जिला पंचायत में हुई थी वकील की हत्या

अमृत विचार : जिला पंचायत में अधिवक्ता पति की हत्या के बाद पत्नी गौसिया ने मामले में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत की गिरफ्तारी और दोनों आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की है। चेतावनी दी कि ऐसा नहीं हुआ तो वह आत्मदाह करेंगी।

आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी उनसे गलत फाइलों पर साइन के लिए कहते थे। जिसमें निर्माण कार्यों में जीएसटी बिल ना लगाने और लेबर प्रमाणपत्र ना लगाकर फाइल साइन करना शामिल रहता था। उन्होंने बताया कि वह सैदनगर, बिलासपुर और स्वार का टैक्स देखती हैं। गौसिया का आरोप है हत्यारोपी बाबू असगर बकायेदारों से रुपये लेने की बात करता था, जिसका वह विरोध करती थीं। इसके अलावा उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। हत्याकांड के दिन भी बात सिर से ऊपर गई तो उन्होंने पति फारुख को बुलाया। पति ने सिर्फ इतना कहा था कि बाबू असगर के कारण पत्नी का ब्लड प्रेशर लो हो जाता है और तबीयत खराब हो जाती है। आरोप है अपर मुख्य अधिकारी के कहने पर असगर अली ने पति को गोली मारी। गौसिया ने बताया कि करीब एक साल से विवाद चल रहा था और वह परेशान थीं। दोनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज हो गया है। अब गिरफ्तारी के साथ दोनों के घरों पर बुलडोजर चलना चाहिए। ऐसी कार्रवाई नहीं हुई तो वो प्रशासनिक अधिकारियों के सामने जाकर आत्मदाह करेंगी। उन्होंने घटना के दौरान की पूरी जानकारी पत्रकारों को दी। बेटे और बेटी भी उनके साथ मौजूद रहे।



बेटी व बेटे के साथ नालापार स्थित आवास पर बैठीं गौसिया। ● अमृत विचार

### एडीजी रमित शर्मा से मिले अधिवक्ता

रामपुर, अमृत विचार : अधिवक्ता हत्याकांड में सिविल लाइंस इंस्पेक्टर को निलंबित करने की मांग पर अड़े अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार शाम को बरेली में एडीजी रमित शर्मा से मिला। बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेंद्र प्रसार लोधी ने बताया कि उनकी मुलाकात सकारात्मक रही। उन्होंने इंस्पेक्टर संजीव कुमार की संदिग्ध भूमिका को लेकर अपना पक्ष एडीजी के समक्ष रखा है। जिससे परिजनों को निष्पक्षता के साथ न्याय मिल सके। उन्होंने बताया कि एडीजी ने मामले में ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# चार करोड़ लौटाए, अब 23.24 करोड़ का स्थायी प्रस्ताव भेजा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विकनपुर पुल के अस्थाई निर्माण के लिए शासन ने स्वीकृत की थी धनराशि

अमृत विचार : विकनपुर पुल के अस्थाई निर्माण के लिए शासन से स्वीकृत चार करोड़ रुपये विभाग ने वापस कर दिए हैं। शासन ने आईआईटी रुड़की की जांच रिपोर्ट के बाद अब स्थायी पुल निर्माण के लिए कार्ययोजना मांगी थी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा 23.24 करोड़ रुपये का नया प्रस्ताव शासन को भेजा है।

शनिवार को लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह ने बताया कि विकनपुर पुल के अस्थायी निर्माण के लिए शासन से चार करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई थी। लेकिन लोक निर्माण विभाग ने यह धनराशि खर्च न कर शासन को वापस कर दी। धनराशि लौटाए जाने के बाद शासन ने विभाग से स्थायी पुल निर्माण के लिए नई कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा। इस पर विभाग ने 19 नवंबर 2025 को स्थायी पुल निर्माण के लिए 23 करोड़ 24.1 लाख रुपये का विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया है। अब इस प्रस्ताव पर शासन स्तर से स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है। अस्थायी पुल के लिए स्वीकृत धनराशि लौटाए जाने के बाद अब पुल के स्थाई निर्माण के लिए शासन ने बड़ी रकम स्वीकृत की है। उनका कहना है कि यदि समय पर अस्थायी पुल का निर्माण हो जाता तो क्षेत्रवासियों को राहत मिलती। अब निगाहें शासन की स्वीकृति पर टिकी हैं। यदि 23.24 करोड़ रुपये का प्रस्ताव मंजूर होता है तो विकनपुर में स्थायी पुल निर्माण का रास्ता साफ हो सकेगा।

# तमन्ना बोली, मन्नत पूरी होने पर लाई कांवड़

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कहा, भोलेनाथ की कृपा से मिला अमन का साथ, कड़ी सुरक्षा में कांवड़ लेकर संभल पहुंची तमन्ना

अमृत विचार : महाशिवरात्रि के अवसर पर आस्था का अनोखा दृश्य उस समय देखने को मिला, जब बुर्का पहने कंधे पर कांवड़ रखकर 'बम भोलेनाथ' का जयघोष करती तमन्ना संभल जनपद में पहुंची। हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहीं तमन्ना को देखने और उनके स्वागत के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालात ऐसे बने कि उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव बदनपुर बसई निवासी मुस्लिम समुदाय की तमन्ना का चार साल पहले अपने ही गांव के अमन त्यागी से प्रेम प्रसंग हुआ था। बाद में दोनों परिवारों की सहमति से विवाह हुआ। वर्तमान में दंपति के दो बच्चे हैं। तमन्ना ने बताया कि उसने भोलेनाथ से मन्नत मांगी थी किउनका प्रेम सफल होगा तो वह कांवड़ लेकर जलाभिषेक करेगी। भोलेनाथ की कृपा से उनकी शादी अमन त्यागी से हो गई और अब मन्नत पूरी होने पर वह कांवड़ लेकर आई हैं। बुर्का पहनकर कांवड़ लाने के सवाल पर तमन्ना ने कहा कि बाकी बहनों को संदेश है। वे बंदिशों को तोड़कर सनातन को अपनाना चाहती हैं तो अपनाएं,किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। तमन्ना ने बताया कि बुर्का पहनकर कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ स्थानों पर उन्हें परेशान करने की कोशिश की गई, लेकिन बाद में पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर दिए। उन्होंने कहा कि रविवार को महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से लाये गये पवित्र गंगा जल से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगी। उसके बाद ही उनका संकल्प पूरा होगा।



कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच कांवड़ लेकर चलती तमन्ना।

### तमन्ना को देखने के लिए उमड़ा जनसैलाब

असमोली /ओबरी,अमृत विचार : शनिवार को जैसे ही तमन्ना हरिद्वार से कांवड़ लेकर संभल-जोया मार्ग पर मनोटा पुलिस चौकी के पास पहुंचीं, उन्हें देखने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग बुर्का पहने कांवड़ उठाए तमन्ना के साथ चलने और सेल्फी लेने की होड़ में नजर आए। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस ने चारों ओर से सुरक्षा घेरा बनाकर उन्हें आगे बढ़ाया। कई स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने हाथ पकड़कर मानव श्रृंखला बनाई, ताकि कोई अवांछनीय स्थिति उत्पन्न न हो। तमन्ना की कांवड़ यात्रा के दौरान उमड़ी भीड़ और सुरक्षा इंतजामों को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सीओ कुलदीप कुमार और कोतवाल माहित चौधरी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तमन्ना के साथ चलता रहा।

# मार्केट के लिए आपातकाल को खोला गेट, राजनीति करना बेकार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- इमामबाड़ा किला की दीवार तोड़कर गेट लगाने पर बोले, हैदर अली खां

अमृत विचारः इमामबाड़ा किला की दीवार तोड़कर अब्बास मार्केट में लगाए गए गेट पर कार्यालय औकाफ की ओर से गुरुवार को बैनर लगवाया गया था। मामले को लेकर मुतवल्ली औकाफ नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ने बताया 1994 में अब्बास मार्केट का निर्माण हुआ।

अब्बास मार्केट पूर्व सांसद नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां के दौर से बनी हुई है। मार्केट में करीब 300 दुकानें हैं। बोले, यहां चार गेट थे जिसमें एक गेट शहर की जामा मस्जिद के सामने, दूसरा गेट चप्पल बाजार में और तीसरा गेट बर्तन बाजार में, इमामबाड़ा रोड पर आपातकाल गेट था। लेकिन आजम खां सरकार के दौरान 2013 में गेट बंद करा दिए गए। हैदर अली उर्फ हमजा मियां ने बताया कि अब्बास मार्केट प्लास्टिक के सामान की मार्केट है, यहां दो बार आग लग चुकी है। जिसे लेकर यह आपातकाल के लिए गेट निर्माण कराया है। यह आम रास्ता भी नहीं है। इसके लिए डीएम, सिटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग बेवजह इस पर राजनीति कर रहे हैं, ये गलत है। हालांकि हालांकि दूसरे पक्ष का कहना है कि अब्बास मार्केट का नक्शा पास हुआ उस समय विशेषज्ञों ने इमामबाड़े की ओर गेट नहीं बनवाया था। मामले में दूसरा पक्ष इसका खुलकर विरोध कर रहा है।

न्यूज ब्रीफ

### दिक्कत: बस अड्डों पर पीने के पानी की कमी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शहर के बस अड्डों पर पीने के स्वच्छ पानी की पर्याप्त व्यवस्था न होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर लगे वाटर कूलर या तो खराब पड़े हैं या उनमें पानी उपलब्ध नहीं है। गर्मी के दिनों में स्थिति और गंभीर हो जाती है, जब दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। यात्रियों का कहना है कि मूलभूत सुविधा होने के बावजूद इस ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। लोगों ने संबंधित विभाग से नियमित जलापूर्ति और खराब उपकरणों की शीघ्र मरम्मत की मांग की है।

### 10वीं के छात्राओं को दी विदाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लिटिल एंजल्स हायर सेकेंड्री स्कूल कानून गोयान में शनिवार को कक्षा दस की छात्राओं को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाकर सफल होने की कामना की गई। कक्षा नौ की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सीनियर छात्राओं को उपहार भेंट कर विदाई दी। मदीहा अनीस मिस लिटिल एंजल्स चुनी गईं। प्रबंधक मुसर्रत हफीज ने विद्यालय की सालाना रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि अनय विंत उपस्थित रहीं। इस दौरान समरीन जावेद, तूबा हसनैन, रेहाना फरहत, रिमशा परवीन, मोहम्मद फाजिल आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाएं निष्क्रिय

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकारी और सहायता प्राप्त कई स्कूलों में विज्ञान प्रयोगशालाएं केवल नाम मात्र की रह गई हैं। उपकरणों की कमी, रखरखाव के अभाव और प्रयोगशाला सहायक न होने के कारण छात्र व्यावहारिक ज्ञान से वंचित रह रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि प्रयोगात्मक शिक्षा के बिना विज्ञान विषय की समझ अधूरी रह जाती है। अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से प्रयोगशालाओं को सक्रिय करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

# श्रद्धालुओं में उत्साह, भोलेबाबा के गूंजे जयकारे

## महाशिवरात्रि आज, शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने उमड़ेगा शिवभक्तों का रेला, की गईं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि से पूर्व शनिवार को महानगर शिवमय रहा। हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों का जयघोष कांठ रोड और दिल्ली रोड पर गूंजता रहा। बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच भोले के भक्त भक्ति धुनों पर थिरकते हुए गंतव्य की ओर बढ़ते रहे। उनकी सुरक्षा व यातायात प्रबंध में प्रशासन व पुलिस के अधिकारी कर्मचारी लगे रहे।

सड़कों पर केसरिया परिधान में सजे कांवड़ियों का रेला देर रात तक चलता रहा। जगह जगह रूट डायवर्जन कर कांवड़ियों को आगे निकलने का रास्ता दिया गया। कांठ रोड पर कई जगह बैरिकेड लगाकर यातायात रोका गया। बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करते कांवड़िये शिव की भक्ति में शिवालयों की ओर बढ़ रहे थे। रविवार को आस्था के जल से भोलेनाथ का जलाभिषेक शिवभक्त करेंगे। इसको देखते हुए महानगर के शिवालयों में तैयारी की गई। 84 घंटा मंदिर और झाड़खंडी मंदिर में विशेष सजावट की गई। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया, वहीं शिवलिंग के अभिषेक के लिए विशेष व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मंदिर समितियों ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। कांठ रोड और दिल्ली रोड पर कांवड़ियों की भारी भीड़ के बीच पुलिस और प्रशासन भी सतर्क रहा। डीजे पर बजती शिवभक्तिमय धुनों पर कांवड़िए झूमते रहे।

**सेवा शिविरों में किया जलपान और विश्राम :** कांवड़ियों की सेवा के लिए कांठ रोड और दिल्ली रोड पर विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह सेवा शिविर लगाए। इन शिविरों में पेयजल, फल, भोजन और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रही। कई जगह पर भंडारा भी किया गया। चिकित्सा शिविर भी लगे रहे।



अगवानपुर में कावड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों का स्वागत करते श्रद्धालु।



हरिद्वार से कावड़ लेकर मुरादाबाद से गुजरते शिव भक्त। ● अमृत विचार



हरिद्वार से कांवड़ लेकर आई श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भंडारे में शिवभक्तों को बांटा भोजन प्रसाद



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शिव पार्वती रसोई द्वारा मुरादाबाद-हरिद्वार रोड पर भटावाली में हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल लौट रहे शिव भक्तों की सेवा के लिए भंडारा और नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें शिवभक्तों को भोजन के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। मुख्य अतिथि एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और शाहजहांपुर की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति अग्रवाल मौजूद रहीं। वरिष्ठ अतिथि दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने भी आयोजन की सराहना की। शिव पार्वती रसोई के अध्यक्ष पुष्प यादव ने बताया कि संस्था हर रविवार को नि:शुल्क भोजन वितरण करती है। इस दौरान आदेश श्रीवास्तव, प्रत्यूष यादव, आशुतोष त्यागी, राहुल शर्मा, मनु मलिक, प्रदीप बिश्नोई, लेखराज सिंह, सुनीत अग्रवाल, हरिओम शर्मा, योगेश भारती, विवेक गुप्ता, विनय कश्यप, सुमित टंडन, तरुण शर्मा, तुषार रस्तोगी, प्रमोद यादव, ताराचंद सैनी, मनोज कुमार, अंकुर यादव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भजनों की प्रस्तुति पर भक्त भाव विह्वल



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री खाटूश्याम सांवरिया सेवा मंडल व भोले की टोली सेवा समिति ने शिव भक्तों के सेवार्थ भंडारा और बाबा श्याम का संकीर्तन कांठ रोड पर किया। इसमें बाबा श्याम का दरबार सजाया गया। दरबार में सबसे पहले गणेश वंदना के बाद मां सरस्वती का आह्वान किया गया। भजन गायक विक्की गुप्ता, राजकुमार और बाल कलाकार कान्हा कत्याल, बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति की। जिस पर भक्त भाव विह्वल हो गए। शिव भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में संजय गुप्ता, सचिन शर्मा, वीरेंद्र कटारिया, संजय कश्यप, अजय रस्तोगी, गिन्नी कात्याल, फण्नीस विन्द्रा आदि ने सहयोग किया।

### प्रमुख मंदिर

महानगर के प्रमुख मंदिरों 84 घंटा मंदिर, नटबाबा मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, मनोकामना श्री हनुमान मंदिर, दुर्गा मंदिर और ढाप वाला मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। बाजारों में भी पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भीड़ रही।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते शिव भक्त।

### कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए तैनात रहे नागरिक सुरक्षा के वार्डन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं नियंत्रक नागरिक सुरक्षा के आदेश पर महाशिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर विभिन्न जनपदों को जाने वाले शिवभक्तों की सुरक्षा और शांतिपूर्ण यात्रा के लिए नागरिक सुरक्षा के वार्डन ड्यूटी कर रहे हैं। हरथला पोस्ट की ड्यूटी विवेकानंद अस्पताल से सब्जी मंडी हरथला तक निर्धारित की गई। वार्डन यातायात व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात रहे। नागरिक सुरक्षा हरथला पोस्ट के स्टाफ अधिकारी शरीफ अहमद के नेतृत्व में डिप्टी पोस्ट वार्डन अजयवीर सिंह, सेक्टर वार्डन हरेंद्र कुमार, रविंद्र वीर सिंह, योगेश कुमार, दिलीप नेगी, दिल फराज मलिक और अतुल कुमार, ज्योति सहित अन्य वार्डन उपस्थित रहे।



शिव भक्तों के लिए तैनात नागरिक सुरक्षा कोर के वार्डन। ● अमृत विचार

### आज दुर्लभ योग में बरसेगा शिव कृपा का अमृत



फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि 15 फरवरी रविवार को मनाई जाएगी। शास्त्रों के अनुसार यदि चतुर्दशी तिथि निशीथ काल में व्याप्त हो तो उसी दिन शिवरात्रि मनाई जाती है। इस बार चतुर्दशी तिथि 15 फरवरी की रात्रि में निशीथ काल में व्याप्त रहेगी, इसलिए व्रत और पूजन 15 फरवरी को किया जाएगा, जबकि व्रत का पारायण 16 फरवरी को होगा। पंडित सुरेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार महाशिवरात्रि श्रवण नक्षत्र और सर्वार्थ सिद्धि योग के दुर्लभ संयोग में पड़ रही है। उनका कहना है कि जब कोई महापर्व सिद्ध योग में आता है तो उसमें किए गए जप, तप, दान और पूजा का अनंत गुना फल प्राप्त होता है।

● निशिथ काल का पूजा का समय 15 व 16 की रात को 12 :09 बजे से लेकर 01 :01 बजे तक। ● **प्रथम प्रहर :** पूजन का समय 15 फरवरी को शाम 6 :11 बजे से लेकर रात 9 :23 बजे तक। ● **दूसरा प्रहर :** पूजा का समय 15 फरवरी की रात 9 :23 बजे से लेकर 16 फरवरी की रात 12 :35 बजे तक। ● **तीसरा प्रहर :** पूजा का समय 16 फरवरी की रात 12 :35 बजे से लेकर सुबह 3 :47 बजे तक। ● **चौथा प्रहर :** पूजा का समय 16 फरवरी को सुबह 03 :47 बजे से लेकर सुबह 06 :59 बजे तक

### नतमस्तक होकर आगे बढ़ रहे कांवड़िया





**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर कांठ रोड स्थित नगर निगम द्वारा निर्मित कराई गई शिव दरबार की विशालकाय प्रतिमा शिवभक्तों की आस्था का केंद्र बना है। हरिद्वार से गंगाजल भरकर लौट रहे कांवड़ियां शिव को नमन करते हुए हर हर महादेव, बोल बम का जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। कांठ रोड पर स्थापित इस विशाल शिव दरबार का लोकार्पण पिछले साल नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने किया था। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शिव दरबार को भव्य रुप से सजाया गया है। फूल माला से सजाने के साथ ही निगम की ओर से लगवाई गई लाइटिंग में देवादिदेव महादेव व शिव दरबार शिवभक्तों के आकर्षण व आस्था का केंद्र बना है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि कांठ रोड स्थित शिव दरबार के अलावा महानगर के अन्य शिवालयों की भी सजावट कराई गई है। पेयजल व पथ प्रकाश की भी व्यवस्था कराई गई है।

# महिला क्रिकेट के फाइनल में पहुंची मेडिकल टीम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **वूमेन ऑफ द मैच बनी मेडिकल की कप्तान वैष्णवी सचिन**
● **फिजिकल की कप्तान संध्या ने 55 रनों की नाबाद पारी खेली**

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप के महिला क्रिकेट के सेमीफाइनल में मेडिकल कॉलेज ने फिजिकल एजुकेशन कॉलेज को 10 विकेट मात देकर फाइनल में जगह बनाई। 8-8 ओवर के मुकाबले में मेडिकल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। फिजिकल एजुकेशन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में 2 विकेट खोकर कुल 78 रनों का स्कोर खड़ा किया।

फिजिकल एजुकेशन की तरफ से कप्तान संध्या शर्मा ने 30 गेंदों में 55 रनों की नाबाद पारी खेली। संध्या ने 5 चौके और 4 छक्के लगाए। मेडिकल की तरफ से वैष्णवी सचिन ने 2 ओवरों में 2 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेडिकल की टीम ने 6 ओवरों में ही बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मेडिकल की ओर से वैष्णवी सचिन ने 19 गेंदों में 45 रनों की तूफानी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मेडिकल की कप्तान वैष्णवी सचिन को वूमेन ऑफ द मैच चुना गया। चैंपियनशिप के तहत खो-खो, मेल-फीमेल की टंग ऑफ वॉर, कैरम आदि की प्रतियोगिताएं भी हुईं।



कबड्डी प्रतियोगिता में अंक लेने का प्रयास करतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### फिजियोथैरेपी ने 3-1 से जीता फुटबॉल मैच

पुरुष वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में फिजियोथेरेपी और डेंटल के बीच मुकाबला हुआ। डेंटल ने टॉस जीतकर साइड को चुना। फिजियोथेरेपी ने गेम किक से स्टार्ट किया, फिजियोथेरेपी के चंदन ने 5वें मिनट में पहला गोल किया, दूसरा गोल 11वें मिनट में फिजियोथेरेपी से उमाम ने किया। तीसरा गोल फिजिकॉथेरेपी के चंदन ने 19वें मिनट किया। डेंटल की तरफ से मात्र 1 गोल 21वें मिनट में किया। अंततः यह मुकाबला फिजियोथैरेपी ने 3-1 से अपने नाम कर लिया। फिजियोथैरेपी के चंदन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### नर्सिंग कॉलेज ने 21 अंकों से मुकाबला अपने नाम किया

महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज और एग्रीकल्चर कॉलेज के बीच मुकाबला हुआ। एग्रीकल्चर कॉलेज की टीम ने टॉस जीतकर रेड चुना। फर्स्ट हाफ में 25-12 से नर्सिंग कॉलेज ने से बढ़त बनाए रखी और सेकेंड हाफ में भी 59-38 से नर्सिंग कॉलेज की टीम आगे रही। अंतत: नर्सिंग कॉलेज ने 21 अंकों से मुकाबला अपने नाम कर किया।

# पुलवामा हमला: युवाओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पुलवामा में 14 फरवरी को हुए आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर शहीद सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का नेतृत्व रजत शर्मा ने किया।

फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद द्वारा किए गए कायराना हमले में 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे। इस घटना को देशभर में ब्लैक डे के रूप में याद किया जाता है। महानगर के युवा कैंडल मार्च के दौरान प्रमुख मार्गों से गुजरे। युवाओं के हाथों में आतंकवाद मुर्दाबाद और अमर शहीद अमर रहे लिखी तख्तियां थीं। मार्च में शामिल युवाओं ने मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को नमन किया और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की कड़ी निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। युवाओं ने आतंक मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए शहीद परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर अंकित शर्मा, अकील खान, सूर्या शर्मा, दुष्यंत कौशल, परवेज, शिव सेवा प्रमुख रजत श्रोत्रिय, मोबिन इमरान, नरेंद्र सुमन सहित अन्य युवा मौजूद रहे।



पुलवामा हमले की 7वीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि महानगर के युवा। ● अमृत विचार

न्यूज डायरी



### राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद में जनपद की छात्राओं ने की सहभागिता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागपुर स्थित विधानसभा परिसर में आयोजित चौथे नेशनल एनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट (2026) के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाला हुई। इसमें गुरु जम्भेश्वर विवि की ओर से हिंदू महाविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. अनामिका त्रिपाठी के निर्देशन में तीन छात्राओं का प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ। कार्यशाला के पहले दिन 14 फरवरी को मॉक सेशन, उद्घाटन सत्र और मीटिंग आयोजित की गई। मॉक सेशन के माध्यम से संसद की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। उद्घाटन और बैठक सत्र के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने छात्राओं के साथ पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा और सतत विकास पर अपने विचार साझा किए। प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता कर रहीं प्रोफेसर डॉ. अनामिका त्रिपाठी ने बताया कि मंडल में वर्धमान कॉलेज, बिजनौर से वृंदा चौधरी, वंशिका अग्रवाल तथा गुरु जम्भेश्वर विवि से छवि द्विवेदी को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला के दूसरे दिन 15 फरवरी को प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।



### वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आडंबर से बचने की जरूरत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजबीर सिंह ने कहा कि विश्व पटल पर बढ़ती प्रतिस्पर्धा में आडंबर और ढोंग से बचने की जरूरत है क्योंकि आगे बढ़ने के लिए कोई शार्टकट रास्ता नहीं होता है। बच्चों की शिक्षा में स्कूल के साथ अभिभावकों का भी विशेष योगदान होता है। न्यायमूर्ति राजबीर सिंह मूंढापांडे स्थित एमजेपी इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि थे। मुख्य वक्ता राज्य सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में विद्यार्थियों के लिए चुनौती भी है और सहयोग भी है। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसआई) के निदेशक जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि जीवन में यदि शिक्षा नहीं है तो भविष्य सुरक्षित करने में विभिन्न तरीके की परेशानी आती है। अपने खर्चों में कटौती कर बच्चों की शिक्षा अवश्य पूरी कराएं। अतिथियों ने कॉलेज के नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण भी किया। संचालन मुजाहिद हुसैन चौधरी एडवोकेट ने किया। इस दौरान भारत सिंह, कॉलेज के प्रबन्धक एवं जिला पंचायत सदस्य मोहम्मद शमी मौजूद रहे।



### बजट जनकल्याण की मजबूत आधारशिला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में केंद्रीय बजट को लेकर शनिवार को विधानसभा चौपाल आयोजित की गई। मुख्य अतिथि कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह रहे। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026 की प्रमुख घोषणाओं और प्रावधानों पर चर्चा की। विधायक ने कहा कि बजट जनकल्याण की मजबूत आधारशिला है। बजट में आमजन, किसानों, युवाओं और महिलाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गई हैं। केंद्र सरकार ने इस बजट के माध्यम से विकास, रोजगार और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को मजबूत किया है। कृषि क्षेत्र में बढ़े हुए निवेश से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित किए गए हैं। बजट में मध्यम वर्ग और महिलाओं का भी ध्यान रखा गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह बजट की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं। इस दौरान कुंदरकी विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, नीरज चंदा, महेंद्र सैनी, बबलू जाटव, संजय कश्यप, ब्लॉक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव, रामकिशोर लोधी, रविन्द्रपाल सिंह, रोहित सिंह, सोनू रस्तोगी, संजय दिवाकर, परशुराम सैनी, अशोक प्रजापति, रवि सक्सेना, ज्योति बाल्मीकि, जय सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### नुक्कड़ नाटक में कशिश प्रथम, जीतू शुभ दूसरे व राजा को तीसरा स्थान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उच्च प्राथमिक विद्यालय कांशीराम नगर में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत पोस्टर, रोल प्ले और क्विज प्रतियोगिता कराई गई। आयोजन पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के सहयोग से किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को डायरिया रोकथाम और प्रबंधन की जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक, क्विज और पोस्टर से डायरिया से बचाव का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक में कक्षा-सात की कशिश पहले, आठ के जीतू शुभ दूसरे और सात के राजा तीसरे स्थान पर रहे। छह के विशु को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों को सारे टीके लगवाएं और रोटावायरस, विटामिन ए को लेना न भूलें। जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी जारी रखें। पीने के पानी को साफ़ रखें और पीने के पानी को निकालने के लिए डंडीदार लोटे का प्रयोग करें। छह माह से छोटे बच्चों को दस्त होने पर भी स्तनपान जारी रखना चाहिए। डायरिया के दौरान ओआरएस से शरीर में पानी की कमी को रोकें। इस दौरान प्रधानाध्यापक रत्नेश बाला, उर्वशी शुक्ला, अर्शी सिद्दीकी, आशा कार्यकर्ता सपना गुप्ता, मोहम्मद रिजवान, ममता सैनी आदि उपस्थित रहे।

काव्य जगत

**राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ओर से बलिदानियों को समर्पित काव्य-गोष्ठी आयोजित**

# नतमस्तक इस देश का, हर पल उन्हें प्रणाम...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ओर से देश के बलिदानियों को समर्पित काव्य-गोष्ठी शनिवार को आयोजित की गई। रचनाकारों ने अपनी काव्यात्मक अभिव्यक्तियों से देश के बलिदानी वीरों को नमन किया।

इसकी शुरुआत रामसिंह निशंक के मां सरस्वती की वंदना से हुआ। अध्यक्षता डॉ. महेश दिवाकर ने की। मुख्य अतिथि रघुराज सिंह निश्चल एवं विशिष्ट अतिथि ओंकार सिंह ओंकार ओंकार रहे। संचालन अशोक विद्रोही ने किया। रचना पाठ करते हुए राजीव प्रखर ने- माटी तुझे नमन अब, ऊंचा है भाल मेरा, मन में न कोई बाकी कोई सवाल मेरा, शत्रु का काल बनकर, रण को गया था घर से, इतिहास में अमर है, मरकर भी लाल मेरा।

योगेन्द्र वर्मा व्योम ने अपनी रचना - अमर शहीदों के लिए, सुबह-दोपहर-शाम, नतमस्तक इस देश का, हर पल उन्हें प्रणाम, ऋणी रहेगा उम्रभर, उनका हिन्दुस्तान, किया जिन्होंने देश पर, प्राणों को बलिदान सुनाकर सराहना पाई। कमल शर्मा ने रह रह कर है दर्द चमकता अब भी मन की आहों में, वो भी क्या मंजर था, जो आया था क्रूर निगाहों में, डॉ. मनोज रस्तोगी की अभिव्यक्ति बीमार होकर भी मां कहती हैं बेटा, मैं बिल्कुल ठीक हूं और रामसिंह निशंक के उद्गार थे - उन वीर सपूतों को अपना, बारम्बार प्रणाम है। भारत को स्वतंत्र कराया, स्वर्णाक्षरों में नाम है।

अशोक विद्रोही ने आज शहीदों का दिन आया, हम उनका गुणगान करें। ओंकार सिंह ओंकार ने मिली स्वतंत्रता देश को, दे-देकर बलिदान। वीरों के बलिदान का, मिलकर रखना मान और रघुराज सिंह निश्चल ने - कीर्तित जिनसे यह धरा-धाम। उन वीरों को शत्-शत् प्रणाम सुनाई।

अध्यक्षता कर रहे डॉ. महेश दिवाकर ने आज़ादी की बलिवेदी पर, चढ़ने वालों नमन कर बलिदानियों को नमन किया। अंत में दिवंगत साहित्यकार रामदत्त द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ओर आयोजित काव्य गोष्ठी में मौजूद कवि।

## हिन्दू सम्मेलन आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** समग्र हिन्दू समाज समिति कांशीराम नगर व सम्राट अशोक नगर की ओर से रविवार को भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें हिन्दू जागरण को दिशा को नई ऊर्जा, नव चेतना, आध्यात्मिक सनातन संस्कृति व सामाजिक एकता प्रोत्साहन किया जाएगा।

समग्र हिन्दू समाज समिति, कांशीराम नगर व सम्राट अशोक नगर के अध्यक्ष पुनीत सहाय ने बताया कि रॉय बैंक्वेट हॉल, साईं पुरम, कांशीराम नगर, डी ब्लॉक के सामने हिंदू सम्मेलन किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि स्वामी सोमान्नद सरस्वती, शंकराचार्य पीठ श्री धाम वृन्दावन और विशिष्ट अतिथि महामुनि दास आध्यात्मिक शिक्षक एवं प्रचारक इस्कॉन और सचिनंदन दास रहेंगे। जबकि मुख्य वक्ता सुरेंद्र विभाग संघ चालक, योगेंद्र प्रदेश उपाध्यक्ष, विद्यार्थी परिषद उत्तर प्रदेश रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### कांवड़ियों को जलपान व विश्राम की व्यवस्था

**डिलारी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर थाना डिलारी पुलिस प्रशासन द्वारा शिवभक्त कांवड़ियों के लिए विशेष जलपान एवं विश्राम की व्यवस्था की गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाशपाल एवं क्षेत्र अधिकारी आशीष प्रताप सिंह सहित थाना डिलारी की पूरी पुलिस टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। अधिकारियों ने स्वयं व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और कांवड़ियों से संवाद कर उनका हालचाल जाना।

### मारपीट व दुष्कर्म का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना भगतपुर क्षेत्र की एक युवती ने अपने पति पर मारपीट करने तथा ननदोई पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। युवती के अनुसार उसका विवाह उत्तराखंड के एक गांव निवासी युवक के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही उसका पति दहेज की खातिर उसके साथ मारपीट करता था व उसे कमरे में बंद कर भूखा-प्यासा रखता था, जिससे वह बीमार हो गई। आरोप है कि 29 जनवरी की रात जब उसका पति बाहर गया था, तभी उसके ननदोई ने कमरे में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म कियाया। भगतपुर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम ढकिया जुम्मा में इंडियन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानाचार्य मुहम्मद तय्यब अली ने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दे. प्रबंधक मो. इकराम, अध्यक्ष हसमत अली, अरविंद कुमार, सुरेंद्र सिंह, शिवम, प्रिंस कुमार गौतम, शादमा, मासूम, शिफत, सबा काजमी, जोया नकवी, आलेमीन, पूजा, शिफा काजमी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शहीदों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

# बैग से जेवर चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, बिलारी

- **बरेली के दंपती के बैग से चुरा लिए थे जेवरात**

**अमृत विचार :** बैग से जेवर और नगदी चोरी करने के दूसरे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को भी सौंपा गया था।

बरेली के थाना सिरौली के गांव सहवाजपुर निवासी राशिद पुत्र असलम की ससुराल बिलारी थाना क्षेत्र के गांव थांवला में है। वह अपनी पत्नी को थांवला गांव से लेकर अपने घर सहबाजपुर 8 फरवरी को जा रहा था। इसी बीच महाराणा प्रताप चौक से वह एक टेंपो में बैठा। जहां पीछे बैठे दो लोगों ने बैग से सोने चांदी के जेवर और 20 हजार की नकदी चुरा ली। राशिद ने एक आरोपी उस्मान को पकड़ पुलिस को सौंप दिया। दूसरा आरोपी मौके से बैग लेकर फरार हो गया जिसमें जेवर आदि थे। पुलिस ने अब दूसरे आरोपी थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव नूरपुर गागन तिराहा निवासी आसिफ पुत्र नजीर अहमद अहमद को गिरफ्तार किया। उसके पास 500 के चार नोट, एक जोड़ी, पीली धातु के कुंडल, एक जोड़ी सफेद पाजेब भी बरामद हुई। दरोगा विपिन कुमार, कांस्टेबल गिरिराज सिंह, नितिन कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## महाशिवरात्रि पर शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए उमड़ेगा आस्था का सैलाब

# आस्था का केंद्र है बहेड़ी ब्रह्मनान का श्री राधाकृष्ण मन्दिर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- **शुद्ध हृदय से उपासना करने पर पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बहेड़ी ब्रह्मनान स्थित श्री राधाकृष्ण मन्दिर बहेड़ी ब्रह्मनान में स्थापित प्राचीन शिवालय श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र है। जलरोधक चुनिया ईंटों से निर्मित यह सैकड़ों वर्ष पुराना मंदिर अपनी प्राचीन वास्तुकला, आध्यात्मिक ऊर्जा और रहस्यमयी शिवलिंग के कारण दूर-दूर तक प्रसिद्ध है।

श्रद्धालुओं के अनसार इस शिवलिंग के दर्शन मात्र से मानसिक शांति मिलती है, नकारात्मकता दूर होती है और जीवन में सकारात्मकता, सुख तथा समृद्धि का संचार होता है। मंदिर का शांत वातावरण, मंत्रोच्चार और घंटियों की दिव्य ध्वनि साधकों को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती है।

शिक्षाविद पं. राधेश्याम शर्मा के अनुसार मंदिर में विराजमान शिवलिंग स्वयंभू है अथवा स्थापित इसका स्पष्ट ऐतिहासिक विवरण उपलब्ध नहीं है, किंतु भक्तों का विश्वास है कि शिवलिंग समय-समय पर अपना रंग परिवर्तित करता है, जिसे लोग चमत्कार मानते हैं। शिवालय में तीन बार ताली बजाना भगवान शिव के प्रति समर्पण का प्रतीक माना जाता है। इसे त्रिलोकभूलोक, पाताल और स्वर्ग तथा त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश को नमन करने की भावना से जोड़ा जाता है।

महाशिवरात्रि पर मंदिर में विशेष उत्साह देखने को मिलता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार आदि तीर्थों से कांवड़ में गंगाजल लाकर ब्रह्ममुहूर्त में रुद्राभिषेक करते हैं और परिवार, समाज तथा राष्ट्र की मंगलकामना करते हैं। सनातन परंपरा के अनुसार भक्त ॐ नमः शिवाय पंचाक्षरी मंत्र का जप करते हुए उत्तर दिशा की ओर मुख करके शिवलिंग पर जल या गंगाजल अर्पित करते हैं। इसके बाद दही, शहद, शक्कर, बेलपत्र, बेर, सफेद पुष्प, भांग और धतूरा अर्पित करने की परंपरा है। तांबे के पात्र से जल चढ़ाना श्रेष्ठ माना जाता है, जबकि पूजा-विधि में श्रद्धा को सर्वोपरि बताया गया है। श्रद्धालुओं का कहना है कि भगवान शिव अत्यंत भोले हैं। वे विधि-विधान से अधिक भक्त के निष्कपट भाव से प्रसन्न होते हैं। यही कारण है कि यह प्राचीन शिवालय आज भी जनमानस की गहरी आस्था, विश्वास और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रतीक बना हुआ है।



श्री राधा कृष्ण मंदिर में शिवलिंग और हनुमान की मूर्ति।

# कांवड़ियों का पुष्प वर्षाकर स्वागत

## एसपीआरए व एसडीएम ने मंदिरों और कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

संवाददाता,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में आस्था, सेवा और सुरक्षा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क और श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित नजर आया।

शनिवार को एसपीआरए कुंवर आकाश सिंह ने सीओ आशीष प्रताप सिंह के साथ नगर के प्रमुख मंदिरों तथा कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर परिसरों, मुख्य मार्गों और संवेदनशील स्थलों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात संचालन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।



कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा करते एसपीआरए आकाश पाल, सीओ आशीष प्रताप सिंह व अन्य।

- **आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सतर्कता के निर्देश**

अधिकारियों ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया तथा जलपान के साथ फलों के वितरण की व्यवस्था की गई। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा।

अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए उन्हें सुरक्षित, सुगम और श्रद्धामय वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह जितेंद्र मीणा व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### गूंज रहे भोलेबाबा के जयकारे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भगवान शिव के जयकारों और घुंघरुओं की मधुर ध्वनि के साथ पूरा नगर भक्ति रस में सराबोर नजर आया। श्रद्धालुओं की टोलियां हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ आगे बढ़ती रहीं और वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह व अन्य लोग गंगा जल लेकर लौटे तो कोतवाली के निकट मुस्लिम समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अस्पताल रोड पर भाजपा नेता डॉ. आफताब हाशमी, धर्मेंद्र पाल, दीपक वाल्मीकि, प्रधान पति कमल कुमार व अन्य ने फूल बरसाए। डिलारी के ढकिया शिव भक्तों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली।

## टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दो सदस्य टीम ने निरीक्षण किया। इस बीच टीम ने महिला अस्पताल लेबर रूम और हॉस्पिटल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं चेक की।

शनिवार को डीपीएम रामपुर अंकित शर्मा, डॉक्टर गंगासरण बरेली चिकित्सा अधिकारी निरीक्षण के लिए पहुंचे। साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

लैब का भी निरीक्षण किया, सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप पाए गई। इस बीच स्टाफ से बायो मेडिकल वेस्ट आदि आदि को लेकर सवाल जवाब भी किए गए। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह, डॉक्टर श्वेतांबरी त्यागी आदि ने निरीक्षण कराया साथ में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, सीपीएम मनीष कुमार, धनंजय कठैत, एआरओ विकेश कुमार, सानू कुमार आदि सहित स्टाफ मौजूद रहा।

## विधायक फहीम इरफान ने कावंड़ियों को दिए फल



बिलारी में कांवड़ियों की सेवा करते सपा विधायक फ़हीम इरफ़ान। ● अमृत विचार

संवाददाता,बिलारी

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में कांवड़िया जल ला रहे हैं। उनका जगह-जगह शिविर लगाकर स्वागत ,सत्कार किया जा रहा है। सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने शनिवार को हरिद्वार और ब्रजघाट से जल लेकर आने वाले कावंड़ियों और शिव भक्तों को फल वितरित किए।

विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि वह अपने पिता और बिलारी के प्रथम विधायक मरहूम मोहम्मद इरफान की तरह ही क्षेत्र में गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि वह सभी धर्मों का आदर और सम्मान करते हैं। सभी पर्व का आदर करना चाहिए। हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, सद्दाम प्रधान, कपिल, अनिल, अतुल यादव, प्रिंस, शनि कश्यप, दिनेश, मुकेश, अरविंद आदि मौजूद रहे।




## आईसीसी के पूर्व सदस्य फईम चौधरी ने दिया इस्तीफा

**भोजपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य एवं पूर्व जिला महासचिव फईम चौधरी ने संगठन के जिलास्तरीय पदाधिकारियों पर हाईकमान को गुमराह कर निष्ठावान कार्यकर्ताओं को नजरंदाज कर चापलूसों को संगठन में शामिल करने से नाराज़ होकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

हाईकमान को भेजे इस्तीफे में फईम चौधरी ने कहा है कि जिला स्तरीय पदाधिकारियों की हठधर्मिता के चलते कांग्रेस का वोटबैंक खिसकता जा रहा है। पार्टी हाईकमान द्वारा जनता के हक के लिए लड़ी जा रही लड़ाइयों की आवाजें नहीं पहुंच रहीं हैं और जनता कांग्रेस पार्टी से दूर होती जा रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सम्बन्ध विच्छेद**
मेरा पुत्र सुन्दर सिंह पुत्र शौकीन सिंह गलत संगत में पड़ गया है। जो आये दिन शराब पीकर मेरे साथ झगड़ा करता है मैं अपने पुत्र के गलत आचरण से तंग आकर अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति से उसे बेदखल करती हूँ। उसका मुझसे या मेरे परिवार के सदस्यों से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। मैं उससे सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। बुरे कर्मो का वह स्वयं उत्तरदायी होगा। दयावती पत्नी शौकीन सिंह निवासी ग्राम चकजागवाली मिलक तह. कांठ थाना छजलेट जिला मुरादाबाद।

**सूचना**
मेरा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 215654108 का प्रमाण पत्र-सह-अंक पत्र खो गया है। संजीव पुत्र रामप्रसाद केयर अश्वफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट छात्र को चंदू कुंदरकी मुरादाबाद

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# नगर पंचायत में बंदरों को पकड़ने का चलाया गया अभियान

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** बंदरों की विकराल समस्या की शिकायतों के उपरांत नगर पंचायत प्रशासन नींद से जाग उठा है। नगर पंचायत द्वारा लगाए गए पिंजरे में चार दिन के भीतर अब तक लगभग 200 से अधिक बंदर पकड़े जा चुके हैं ।

बंदरों की बढ़ती संख्या से सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त था। नगर में बंदरों के उत्पाद मचाने से नागरिक काफी लंबे समय से बंदरों एवं आवारा कुत्तों को पकड़े जाने की मांग कर रहे थे। स्कूली बच्चे गली मोहल्ले में होकर स्कूल एवं मॉर्निंग बांक पर जाने वाले लोग बंदरों के हमले से काफी आतंकित थे। बंदरों के छत पर हमले से मौहल्ला फकीरगंज में एक व्यक्ति एवं एक महिला छत से गिरकर कॉल के ग्रास बन चुके हैं। इससे पूर्व भी बंदरों के हमले से काफी दुर्घटनाएं हो चुकी है एसडीएम संत दास पवार ने भी नगर पंचायत को बंदर पकड़वाय जाने के निर्देश दिए थे। शासन प्रशासन की शक्ति पर नगर पंचायत की नींद खुली और बंदर पकड़े जाने के लिए नगर पंचायत कांठ द्वारा मौहल्ला फकीरगंज ,चौक बाजार, नई बस्ती एवं ग्राम महमूदपुर माफी क्षेत्र में पिछले 4 दिनों से मथुरा की टीम ने बंदर पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए हैं। अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल ने बताया कि अब तक 200 से अधिक बंदर पकड़े जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत आवारा कुत्तों को पकड़ने की का अभियान चलाया जाएगा।



पिंजरे में बंद किए गए बंदर। ● अमृत विचार

- **चार दिन में 200 से अधिक बंदर पकड़े जा चुके हैं**

## सर्वर डाउन होने से राशन डीलर व उपभोक्ता परेशान

**कांठ, अमृत विचार :** राशन डीलरों की मशीन में नया वर्जन अपलोड करने फरवरी के महीने में सर्वर डाउन होने के कारण राशन डीलरों, उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

8 फरवरी से 26 फरवरी तक खाद्यान्न का वितरण होगा परंतु इस बार वेइंग मशीन और कांटे में नया सिस्टम अपलोड कर दिया गया है जिसके कारण मशीनों में इंटरनेट की व्यवस्था बहुत खराब है और मशीन पर पर्चियां तक नहीं निकल रही हैं । जिला पूर्ति अधिकारी जिला अधिकारी एवं सभी अन्य अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है परंतु व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र के राशन डीलरों ने एवं राशन कार्ड धारक रतन सिंह, राकेश सिंह, नाजिम, अशोक कुमार, पंकज कुमार आदि ने विभागीय अधिकारियों से पुराने सिस्टम पर ही खाद्यान्न वितरण करने की मांग की है।

# फायरिंग व मारपीट में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, भगतपुर

**अमृत विचार :** भगतपुर क्षेत्र के ग्राम लालपुर पुरोहित निवासी एक व्यक्ति ने 15 लोगों पर मारपीट व फायरिंग का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अफजाल हुसैन के अनुसार भोजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिरसवां गौड़ में उसकी जमीन है, जिस पर उसने टीनशेड डालकर औद्योगिक कार्य से संबंधित सामान रखा था। 28 सितंबर 2025 को गेट के ताले टूटे मिले। उसने तीन अक्टूबर को पुलिस से इसकी शिकायत की थी। शिकायत से नाराज आरोपियों ने 5 अक्टूबर की शाम गोकलनगर के पास आम के बाग की पुलिया पर उसे रोक लिया व तमंचे से फायर किया व इसके बाद उसके साथ मारपीट की और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। इस मामले में अफजाल हुसैन ने न्यायालय में आरोपियों के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था जहां से आदेश के बाद भगतपुर पुलिस ने आरोपी राशिद ,असीम ,इरशाद राजा ,अयूब राजा, मोहम्मद रजा ,स्माइल सुभान, यामीन, हमजा, निजाम, मेहदी हसन ,असगर, नन्हे, फुर्सत अली नासिर सहित तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

### छात्रा बरामद, आरोपी गाजियाबाद से गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रतुपुरा के निकटवर्ती गांव से विद्यालय जा रही हाईस्कूल की छात्रा के अपहरण के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा को भी सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। दो दिन पूर्व छात्रा विद्यालय के लिए निकली थी। आरोप है कि डिलारी थाना क्षेत्र के मलकपुर सेमली निवासी युवक जुबेर उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने सर्विलांस और अन्य तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी की लोकेशन गाजियाबाद में ट्रेस की और वहां दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। छात्रा को भी उसके कब्जे से बरामद कर लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसीएम की टक्कर से महिला घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** हाईवे पर डीसीएम ने सब्जी लेकर लौट रही एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे राहगीरों ने सीएचसी में भर्ती कराया। मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी तारावती शनिवार सुबह नवीन मंडी सब्जी लेने गई थीं। वह सिर पर सब्जी का कट्टा रखकर पैदल घर लौट रही थी। तभी सामने से आ रहे डीसीएम ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायल तारावती को लहूलुहान हालत में तत्काल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया। घायल के पुत्र राजू ने बताया कि टक्कर मारने वाले डीसीएम चालक ने भी राहगीरों की मदद से उनकी मां को अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्साधिकारी डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि महिला को बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था। उन्होंने बताया कि महिला के सीने और पैर में चोटें आई हैं। फिलहाल, उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।

### दुष्कर्म मामले में प्रधान व पिता पर रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, रामपुर :** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म व शादी के नाम पर दहेज में पांच लाख लेने के आरोप में पुलिस ने प्रधान व उसके पिता पर मिलक थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने ग्राम प्रधान रवि शंकर पर आरोप लगाते हुए कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि आरोपी ग्राम प्रधान ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। इस दौरान वह दो बार गर्भवती भी हुई, आरोपी ने दवाई खिलाकर गर्भपात करा दिया। शादी के नाम पर प्रधान पिता राम सिंह ने पांच लाख रुपये ले लिए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। पीड़िता ने ग्राम प्रधान और उसके पुत्र पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल पुष्कर सिंह ने बताया कि मामले में पीड़िता द्वारा तहरीर दी गई थी। जिसमें दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का विस्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन, चुनाव शनिवार को हुआ। चुनाव प्रवेक्षक हेमंत कुमार एवं चुनाव अधिकारी आरबी लाल के नेतृत्व में हुए निर्विरोध चुनाव में हरीश चंद्र धोनी अध्यक्ष जबकि, दीपक त्यागी जिला मंत्री चुने गए। जिला अस्पताल में आयोजित चुनाव के मुख्य अतिथि फार्मेसी काउंसिल उत्तर प्रदेश के चेयरमैन संदीप बाने पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पदाधिकारी अपने पद की गरिमा बनाते हुए कार्य करें। विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने कहा कि संगठन मजबूती देता है लेकिन, इसका दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। निर्विरोध हुए चुनाव में हरीश चंद्र धोनी जिलाध्यक्ष, सैयद नवेद इकबाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दानिश कमल उपाध्यक्ष, दीपक त्यागी जिला मंत्री, राधेश्याम संयुक्त मंत्री, आमिर मसूद खां संगठन मंत्री, आरिफ मसूद खां कोषाध्यक्ष और तीरथ सिंह सम्प्रेक्षक चुने गए।


सर्वसम्मति से चुने जाने के बाद प्रमाणपत्र के साथ पदाधिकारी व मौजूद अतिथि।

- द्विवार्षिक अधिवेशन में हरीश चंद्र धोनी चुने गए अध्यक्ष

## यूपी बोर्ड: विद्यार्थी को उत्तर पुस्तिका के हर पृष्ठ पर लिखना होगा अनुक्रमांक

# प्रत्येक उत्तर पुस्तिका पर लगेगी परीक्षा केंद्र की मुहर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार से उत्तर पुस्तिका पर परीक्षा केंद्र की मुहर लगेगी। इसके अलावा उत्तर पुस्तिका के हर पृष्ठ पर परीक्षार्थी को अनुक्रमांक लिखना होगा। उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर परीक्षार्थी से अनुक्रमांक लिखवाना कक्ष निरीक्षक की जिम्मेदारी होगी। कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्रों पर भेजना शुरू करा दिया गया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होगी। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए जिले में 74 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और उन्हें 9 सेक्टरों में बांटा गया है। परीक्षा केंद्रों पर दो सेट में प्रश्न पत्र भिजवाए जा रहे हैं। जोकि कॉलेज के लाकर में रखवाए जा रहे हैं। लॉकर पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे नजर गड़ाए हुए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थियों को हर पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक और कॉपी का नंबर लिखना होगा। परीक्षा के दौरान कॉपी के पृष्ठों की हेराफेरी रोकने के लिए कॉपी के प्रत्येक पृष्ठ पर परीक्षार्थी का अनुक्रमांक नंबर लिखवाया जाएगा। वर्ष 2025 की यूपी बोर्ड परीक्षा में परीक्षार्थी द्वारा अंतिम पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक लिखा जाता था। नकलविहीन परीक्षा कराए जाने के लिए जिले को 9 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। इसके अलावा 74 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्रों को भिजवाया जा रहा है। प्रश्न पत्र कॉलेज के लॉकर में रखवाई जाएगी। लॉकर की एक चाबी केंद्र व्यवस्थापक और दूसरी चाबी वाह्य केंद्र व्यवस्थापक के पास रहेगी।

- कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा केंद्रों पर भिजवाए जा रहे प्रश्न पत्र

> यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र भिजवाए जा रहे हैं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा 18 फरवरी से दो पालियों में शुरू होगी। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा होगी इसके अलावा पुलिस बल भी तैनात रहेगा।
> – अंजलि अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक

# वंदेमातरम मजहबी गीत नहीं, मुल्क का राष्ट्रवादी गौरव

## महाशिवरात्रि पर ऐतिहासिक किसान मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में बोले पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को जिला पंचायत परिषद द्वारा मिलक के रठौंडा में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित ऐतिहासिक किसान मेले का उद्घाटन हुआ। मुख्यातिथि पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने फीता काटकर मेले का पारंपरिक तरीके से उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बंटवारे के बाद हिंदुस्तान के हिंदू बहुसंख्यकों ने पंथनिरपेक्षता का रास्ता चुना था। वहीं मुस्लिम बहुसंख्यक पाकिस्तान ने इस्लामी राष्ट्र का झंडा फहराया। बोले, वंदेमातरम मजहबी गीत नहीं, मुल्क का राष्ट्रवादी गौरव है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने मुख्तार अब्बास नकवी और राज्य मंत्री औलख का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। नकवी ने ऐतिहासिक मेले की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान की समावेशी, सर्वस्पर्शी सोच बहुसंख्यकों के संस्कार, संकल्प, संस्कृति का नतीजा है। स्वतंत्रता के महानायकों के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रवाद के जुनून-जज्बे से भरपूर वंदेमातरम से जिसके ईमान को खतरा हो, वह राष्ट्रवाद के प्रति ईमानदार नहीं हो सकता। आजादी की लड़ाई के समय मुस्लिम लीग ने ''वन्देमातरम'' का विरोध कर विभाजन की विभीषिका का विष बोया था, जिसने भारत के टुकड़े किए थे। वंदेमातरम मजहबी गीत नहीं, मुल्क का राष्ट्रवादी गौरव है। जिससे किसी मजहब की आस्था को नुकसान नहीं हो सकता। सनातन का संस्कार ही पंथनिरपेक्षता का उपहार है, यदि भारत में बहुसंख्यक सनातन आस्था नहीं होती तो, धर्मनिरपेक्षता के ध्वज पर भी साम्प्रदायिकता का धावा बोल दिया जाता। वंदेमातरम के संस्कार ने भारत को संवैधानिक पंथनिरपेक्षता का सिकंदर व लोकतंत्र का धुरंधर बनाया है। जहां सत्ता बुलेट से नहीं बैटल से तय होती है।

कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, मोहनलाल सैनी, अभय गुप्ता, राकेश मिश्रा, ज्वाला प्रसाद गंगवार, अर्चना गंगवार, कुलवंत औलख, टेक चंद्र गंगवार, जागेश्वर दयाल दीक्षित, मोहन सिंह राजपूत, रिजवान हुसैन, खलील अहमद, भागीरथ सिंह गंगवार, चंद्र प्रकाश शर्मा, रजनीश पटेल, मिथिलेश सिंह, महेंद्र लोधी, ओमप्रकाश लोधी, अजय बाबू गंगवार, सोनू लोधी, शुभांग गंगवार, शंकर लाल गंगवार आदि उपस्थित रहे।


रठौंडा शिव मंदिर में पूजा करते नकवी, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी व अन्य।


किसान मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### एक कंट्री एक कानून मील का पत्थर साबित होगा

मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आजादी का अमृत काल, समान नागरिक कानून पर संवैधानिक दिशा निर्देश को अंगीकार करने का अवसर है। समान नागरिक कानून, पूरे देश के लिए है, किसी मजहब के लिए नहीं। एक कंट्री एक कानून मुल्क और सभी मज़हबों के सरल, सुलभ, समावेशी व्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कहा कि भारत में आजादी और संवैधानिक प्रतिबद्धता का अमृत काल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विभिन्न संवैधानिक सुधारों के जरिए समावेशी सशक्तिकरण के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है और आगे ही बढ़ता रहेगा।

### अधिवक्ता सद्दाम उस्मानी के सस्पेंशन पर बीसीआई ने लगाई रोक

**रामपुर, अमृत विचारः** रामपुर न्यायालय के अधिवक्ता सद्दाम उस्मानी के पांच साल के सस्पेंशन पर बार काउंसिल आफ इंडिया ने रोक लगा दी है। शहजादनगर क्षेत्र की कमोरा गांव के शाहिद ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता सद्दाम उस्मानी की शिकायत की थी। जिसमें सद्दाम पर आपराधिक मुकदमे छुपा कर रजिस्ट्रेशन करने का आरोप लगाया था। जिस संबंध में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने उनका पांच साल के लिए रजिस्ट्रेशन खारिज कर दिया था।

अधिवक्ता सद्दाम उस्मानी ने अपील दिल्ली बार काउंसिल ऑफ इंडिया में की थी। बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आदेश पर रोक लगा दी है। अधिवक्ता सद्दाम उस्मानी ने तर्क दिया कि यूपी बार काउंसिल ने साक्ष्यों पर विचार किए बगैर विवादित ऑर्डर किया है। शाहिद ने यूपी बार काउंसिल को भ्रामक जानकारी देकर ऑर्डर पास कराया है। बार काउंसिल ने शिकायतकर्ता शाहिद को नोटिस जारी किए हैं।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षा के आखिरी दिन अनुपस्थित रहे 112 परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मदरसा बोर्ड परीक्षा के आखिरी दिन शनिवार को 112 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा में 517 परीक्षार्थी शामिल हुए। पहली पाली में 91 जबकि, दूसरी पाली में 21 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर उड़ाका दलों ने छापामारी की।

श्री हरि इंटर कालेज में हुई पहली पाली की परीक्षा में 217 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 161 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 56 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहर इंटर कालेज में 249 ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा में 214 परीक्षार्थी शामिल हुए और 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

पहली पाली में 466 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 375 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 91 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा में श्री हरि इंटर कालेज में 89 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष 74 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जवाहर इंटर कालेज में 74 के सापेक्ष 68 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।


परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की तलाशी लेतीं शिक्षक। ● अमृत विचार

- दोनों पालियों की परीक्षा में शामिल हुए 517 परीक्षार्थी

> मदरसा बोर्ड परीक्षा दो केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। मुंशी, मौलवी और आलिम की परीक्षा के लिए 629 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था जिसके सापेक्ष शनिवार को 517 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।
> – गौरव खड़ायत, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

### सीसीटीवी इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण के लिए 22 तक करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचारः** आरसेटी निदेशक देशराज मीणा ने बताया कि पहाड़ी गेट के निकट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी में 18 से 50 वर्ष के युवाओं के लिए 13 दिवसीय सीसीटीवी कैमरा सिक्योरिटी अलार्म इंस्टॉलेशन प्रशिक्षण 24 फरवरी से होगा।

प्रशिक्षण के लिए 22 फरवरी तक आवेदन लिए जाएंगे। निदेशक ने बताया कि 35 सीट निर्धारित हैं और 24 फरवरी से प्रशिक्षण शुरू करा दिया जाएगा। स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवा आवेदन के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, जॉब कार्ड चार फोटो, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी लेकर संस्थान के समय प्रातः 9:30 से सायं 5:30 बजे तक संस्थान में आकर आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतया निशुल्क है और प्रशिक्षण के पूर्ण होने पर ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। कई ऋण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

**मोहब्बत का पर्व** | वैलेंटाइन पर युवाओं ने गिफ्ट गैलरियों से खूब खरीदे उपहार

# युवाओं ने गुलाब देकर किया प्यार का इजहार

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे पर युवाओं ने गिफ्ट गैलरियों से खूब उपहार खरीदे। गुलाब के फूलों और गुलदस्तों की भी खूब बिक्री हुई। दुकानदारों के चेहरे खिल गए। युवाओं ने एक दूसरे को फूल देकर, गुलदस्ता तो किसी ने गले लगाकर प्यार का इजहार किया। शहर के रेस्तरां और होटलों में युवाओं के पहुंचने से खूब रौनक रही।

वैलेंटाइन वीक में हर रोज नया अहसास और नया उपहार देकर प्यार का इजहार किया गया। युवाओं ने रोज डे, चॉकलेट डे, हग डे, टेडी डे आदि दिनों को पार्टनर के साथ मनाया। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया। दिन भर युवाओं का प्यार का इजहार करने का सिलसिला चलता रहा। शनिवार को वैलेंटाइन डे यानी प्यार करने वालों का दिन था, गुलाबी मौसम में युवाओं ने प्यार का इजहार किया। शहर की गिफ्ट गैलरियों में युवाओं का जमावड़ा लगा रहा। एक तरफ जहां वैलेंटाइन डे पर युवा वर्ग अपने साथी को दिल की बात कहने के लिए तरह-तरह के प्रतीकात्मक गिफ्ट खरीदे। युवाओं की पसंद को देखते हुए गिफ्ट गैलरियों में भी कई तरह की वैरायटियों की भरमार थी। गुलाब का फूल, टेडी बियर, डेकोरेशन गिफ्ट, लव बर्डस, कपल शो पीस, ग्रीटिंग कार्ड आदि चीजें बड़ी संख्या में सजाई गईं थीं। सिविल लाइंस स्थित जनरल स्टोर संचालक गुरमीत सिंह ने बताया कि इस बार युवाओं में लाल गुलाब की खास मांग रही। बताया कि उनकी दुकान पर 10 रुपये से लेकर 150 रुपये तक गुलाब का फूल, 30 से लेकर 1000 रुपए तक का परफ्यूम और 50 रुपये से लेकर 5 हजार रुपये रुपए तक के गिफ्ट उपलब्ध हैं।


स्टार चौराहे के निकट दुकानों पर सजे फूल। ● अमृत विचार


फ्लावर गैलरी में फूल खरीदते युवा। ● अमृत विचार

- शहर के रेस्तरां और होटलों में रही युवाओं से रौनक

### नवविवाहितों ने भी दिए उपहार

नवविवाहित जोड़ों भी एक दूसरे को दिल की उमंगें जाहिर करने के लिए खरीदारी करते रहे और अपनी लाइफ पार्टनर को मस्त उपहार दिए। नवविवाहित राकेश कुमार बताते हैं कि उनकी शादी को कुछ दिन हुए हैं। पत्नी को वैलेंटाइन डे पर सरप्राइज देने के लिए घर में पार्टी का प्रबंध किया है।



# महाशिवरात्रि आज, गंगा जल लेकर शिवालय पहुंच रहे भक्त

## जलाभिषेक के लिए हरिद्वार व ब्रजघाट से जल ला रहे कांवड़िए, कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन ने कड़े बंदोबस्त किए

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए कांवड़िए हरिद्वार और ब्रजघाट से गंगा जल लेकर आ रहे हैं। कांवड़ियों के हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से फिजा गूंज उठी। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने कड़े बंदोबस्त किए हैं। वाहनों के लिए भी रूट डायवर्ट कर दिया गया है। कांवड़िए जयकारे लगाते हुए शिवालयों की ओर बढ़ रहे हैं रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर वे शिवालयों में जलाभिषेक करेंगे।

हाईवे पर सुबह से कांवड़ियों के जत्थे शिवालयों की ओर जयकारे करते हुए बढ़ते रहे। जत्थों में शामिल शिव भक्त गले में रुद्राक्ष की माला और भगवान शिव की फोटो वाली बनियान पहने थे। भोले के जयकारे लगाते हुए और सीटी से जत्थे को नियंत्रित करते कांवड़ियों को मंजिल तक पहुंचने की जल्दी थी। एक लेन कांवड़ियों के लिए छोड़ दी गई है जबकि, एक लेन पर वाहनों की आवाजाही रहेगी। कावंड़िये हरिद्वार और ब्रजघाट से जल लाकर रठौंडा स्थित शिव मंदिर, पंजाब नगर शिव मंदिर, भमरौआ शिव मंदिर के अलावा अपने गांवों के शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा रूट डायवर्ट कर दिया गया है। रामपुर से मुरादाबाद जाने वाले भारी वाहन शाहबाद, बिलारी होकर गुजरेंगे। मुरादाबाद से रामपुर आने वाले वाहनों को मुरादाबाद से वाया शाहबाद होकर पास कराया जा रहा है।



ढकिया से जयकारे लगाता हुआ गुजरता शिव भक्तों का जत्था। ● अमृत विचार



बाजपुर मार्ग से कांवड़ लेकर जाते कांवड़िया। ● अमृत विचार



हरिद्वार से गंगाजल लेकर मसवासी क्षेत्र पहुंच रहे कांवड़ियों के जत्थे।

### एएसपी ने रठौंडा शिव मंदिर का निरीक्षण किया



रामपुर, अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व को लेकर थाना मिलक क्षेत्रान्तर्गत स्थित शिव मंदिर रठौंडा का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्थापित बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे, प्रवेश एवं निकास मार्ग आदि का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मिलक मौजूद रहे।

> महाशिवरात्रि और मुकद्दस रमजान के मद्देनजर शहर में साफ-सफाई कराए जाने के लिए सभी सफाई निरीक्षकों को सफाई व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। मंदिरों के बाहर चूने का छिड़काव करने के लिए कहा गया है।
>
> – सना खानम, पालिकाध्यक्ष

### बम-बम भोले से गूंज रहे मार्ग

मसवासी, अमृत विचार : महाशिवरात्रि के मद्देनजर तमाम कावड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर गगनभेदी बम बम उद्घोषों के बीच अपने गंतव्य स्थान को पहुंच रहे हैं। कांवड़ियों का जगह-जगह स्वागत कर जलपान कराया जा रहा है शिव मंदिरों को सजाया गया है और सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस लगातार गश्त कर रही है। रविवार को महाशिवरात्रि को लेकर तमाम कावड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर मसवासी नगर समेत आसपास के गांव में पहुंच रहे हैं बम बम भोले उद्घोषों के बीच क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया है। कांवड़ियों के जत्थे का जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है और जलपान के लिए जगह-जगह भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। मसवासी नगर के मोहल्ला भूबरा, चाउपुरा, बिजारखाता, सीतारामपुर, कुंदनपुर, रहमतगंज, मंसूरपुर, घोसीपुरा, पट्टी कला, सेमरा, लाडपुर, मंसूरपुर, किशनपुर, मौलागढ़, मानपुर उत्तरी, मोतीपुरा समेत आसपास के गांव में हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़ियों के आने का सिलसिला जारी है।

### परमात्मा शिव सच्ची भावना से होते है प्रसन्न

बिलासपुर, अमृत विचार : मोहल्ला पटेलनगर स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय संस्थान में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक ज्ञान सभा का आयोजन हुआ। इसमें वक्ताओं ने शिव को सबका रचयिता बताते हुए श्रद्धालुओं से व्रत के साथ-साथ मन की बुराइयों को भी शिव को अर्पित करने का आग्रह किया। रामपुर ब्रह्माकुमारी संस्थान से आईं बीके संगीता बहन ने कहा कि यह दिन स्वयं में सकारात्मक बदलाव लाने का अवसर है। शिव को प्रसन्न करने के लिए आक, धतूरा, बेलपत्र, बेर के साथ अपनी बुराइयों को भी अर्पित करना चाहिए। परमात्मा शिव सच्ची भावना से प्रसन्न होते हैं और सकारात्मक बदलाव लाने में सहायता करते हैं। आमंत्रित वक्ता भाजपा नेत्री और महिला पतंजलि समिति की जिला प्रभारी मधुबाला गुगलानी ने कहा कि शिव देवों के देव महादेव हैं। उनकी आराधना से व्यक्ति के सभी कष्ट दूर होते हैं। उन्होंने आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त करने की प्रबल इच्छा रखने पर जोर दिया।इससे पूर्व, संस्थान में परमात्मा शिव का ध्वज फहराया गया। इस दौरान लोगों ने ध्वज के नीचे खड़े होकर ''हमें सदा संतुष्ट रहना है और सबको संतुष्ट करना है'' की प्रतिज्ञा ली। संस्था की स्थानीय प्रमुख बीके बबीता बहन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। सभा में बलजीत कौर, सीमा अग्रवाल, रंजीत, कनक, कृष्णा, लक्ष्मी, महेंद्र, शारदा, उषा, सुधा सहित कई गणमान्य नागरिक और अध्यात्म प्रेमी उपस्थित रहे।

### युवा, बुजुर्ग और महिलाएं बढ़-चढ़कर ले रही भाग

दढ़ियाल, अमृत विचार : शनिवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर मुरादाबाद-बाजपुर मार्ग पर कांवड़ियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। युवा, बुजुर्ग और महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। कई श्रद्धालु नंगे पांव चलकर अपनी श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं, जबकि कुछ डीजे और भजन-कीर्तन के साथ यात्रा को उत्सव का रूप दे रहे हैं। कांवड़ियों के जत्थे अनुशासन और उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे हैं, जिनके मन में भक्ति और जुबां पर ''जय शिव शंभू'' का नाम निरंतर गूंज रहा है। कांवड़ियों की सेवा के लिए मुरादाबाद-बाजपुर रोड सहित विभिन्न स्थानों पर सेवादारों द्वारा शिविर लगाए गए हैं।

### पुलिस कर्मियों के साथ गश्त करते रहे अफसर

ढकिया, अमृत विचार : महाशिवरात्रि के मददेनजर कांवड़ियों की लगातार वापसी से ढकिया क्षेत्र का वातावरण शनिवार को शिवमय हो गया। हर हर महादेव के जयकारों के संग कांवड़िये शनिवार को पग पग अपनी मंजिल की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। शिव भक्त परौता शिव मंदिर, गौरी शंकर शिव मंदिर या फिर झारखंड बाबा के शिव मंदिर पर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा के मददेनजर ढकिया चौकी के कार्यवाहक चौकी प्रभारी बालकिशोर भी पुलिस कर्मियों के साथ रोड पर पूरे दिन गश्त करते रहे। ढकिया चौकी के दीवान गिरंद सिंह ने बताया कि रविवार को परौता शिव मंदिर पर मेला लगेगा जिसकी सुरक्षा के मद्देनजर मेला प्रांगण में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेवा फार्मेसी व बाबा इलेवन सेमीफाइनल में

रामपुर, अमृत विचार : ज्वाला क्लब के मैदान में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को दो क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। सेवा फार्मेसी व बाबा इलेवन जीत कर सेमीफाइनल में पहुंचे। पहला क्वार्टर फाइनल मैच में स्ट्राइकर क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। सेवा फार्मेसी ने 156 रन बनाए। जिसमें रोहित ने 55 रन और गगन विर्क ने 45 रन बनाएं। स्ट्राइकर की पूरी टीम 99 रनों पर ऑल आउट हो गई। मुकाबला सेवा फार्मेसी ने 57 रनों से जीता जीता। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में न्यू स्टार टीम 132 रन पर सिमट गई। कासिम सिद्दीकी ने 47 रन बनाए। बाबा इलेवन ने 4 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। बाबा के कामिल ने 36 रन और समीउल्लाह खान ने 26 रन बनाए। कमेटी अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, त्रिभुवन पंडित, विनय शर्मा, संजय ज्वाला आदि मौजूद रहे।

### मटर से भरी ट्रॉली लूटने का आरोप, तहरीर दी

बिलासपुर, अमृत विचार : गांव भटपुरा तारन निवासी आसकार अली किसान है। पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात मटर की फसल ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर मंडी पहुंचाने घर से निकला था। आरोप है कि रास्ते में ही कुछ बदमाश हथियार के बल पर या डरा-धमका कर मटर से लदी ट्रॉली लूटकर फरार हो गए। सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर आ गई। किसानों का आरोप है कि रात के समय तो दूर, अब दिन में भी वह सुरक्षित नहीं हैं। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में स्पष्ट किया है कि यह लूट उसकी साल भर की मेहनत पर डाका है। थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान का कहना है कि रुपयों के पुराने लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। मटर समेत ट्राली को थाने में खड़ा करवाया गया है। जांच उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज डायरी



### अधिवक्ताओं के माता-पिता के निधन पर जताया शोक

रामपुर, अमृत विचार : टैक्स एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की बैठक में आईटीसी के दावों एवं समायोजन पर अधिवक्ता अशोक अग्रवाल ने चर्चा की। इसके अलावा बैठक में राज्य कर कार्यालय में स्टाफ की कमी को लेकर चिंता जताई गई। बार में नए सदस्य फैजान खान को सदस्यता ग्रहण कराई। अंत में अधिवक्ता मोहम्मद इमरान के पिता एवं अधिवक्ता रचित रस्तोगी की माता के निधन पर शोक जताया। शोक सभा में सपन अग्रवाल, विशाल पांडे, आदिल गौस, पंकज अग्रवाल, हिमांशु जैन, हिमांशु अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, याकूब अली, आमिर खान, पूर्णानंद आर्य, प्रशांत कुमार पांडे, राजेश गंगवार, आदि मौजूद रहे। संचालन मोहम्मद आमिर ने किया।



### बच्चों की माताओं ने किया योग

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को डायमंड सिनेमा रोड किड-जी खंडेलवाल पब्लिक स्कूल में जी-वॉक कार्यक्रम हुआ। इसमे किड-जी करिकुलम के तहत फाइव मिंड्स को बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए फोकस्ड माइंड, एनालिटिकल माइंड, कॉन्शियस माइंड , एम्पथेटिक माइंड, एवं इन्वेंटिव माइंड को पेरेंट्स के साथ बहुत ही खूबसूरत व प्रभावपूर्ण ढंग से व्यक्त किया गया। इस अवसर पर ऐकडेमिक कॉर्डिनेटर सपना जी-लर्न की ओर से मौजूद रहीं। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य सीमा जैन खंडेलवाल ने अभिभावकों का आभार जताया।

### विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता वाला है बजट



रामपुर, अमृत विचार : भाजपा द्वारा शनिवार को नगर विधानसभा क्षेत्र के रामसेवक कार्यालय पर बजट चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्यवक्ता शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि इस बार का बजट विकास, रोजगार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देने वाला है। बजट में किसानों से लेकर युवा उद्यमियों, महिलाओं, व्यापारियों और गरीबों के कल्याण के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। बजट से किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त होगा। युवाओं के लिए स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ऋण सुविधाओं और कौशल विकास योजनाओं का विस्तार किया गया है। रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और युवा आत्मनिर्भर बन सकेंगे। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी कई योजनाओं में आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। विधायक ने कहा कि बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए भी पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया गया है। सड़क, रेल और डिजिटल नेटवर्क के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे व्यापार और उद्योग को गति मिलेगी। विधायक ने कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना को साकार करने वाला है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अनुज सक्सेना, जगपाल यादव, प्रदीप गुप्ता, अशोक विश्नोई, अन्नू सक्सेना, भव्य उप्पल, कमल लोधी, कुंवर बहादुर राजपूत, विवेक रूहेला, मनु सक्सेना, प्रमोद कुमार लोधी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### एनआईओएस की वार्षिक परीक्षाएं के पहले दिन हुई अंग्रेजी की परीक्षा

रामपुर, अमृत विचार : ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान भारत सरकार के कार्यक्रम के तहत वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हो गईं। शनिवार को अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा में स्कूल नहीं जाने वाले बच्चे एनआईओएस योजना के तहत लाभ लेते हैं। ग्लोबल सोशल द्वारा संस्था के स्टडी सेंटर पर परिक्षाएं प्रारंभ की गईं हैं। परीक्षा शनिवार से शुरू होकर 23 फरवरी तक चलेंगी। संस्था अध्यक्ष मोहम्मद जुबैर शम्सी ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पूर्व प्रधानाचार्य राजकीय हामिद इंटर कॉलेज असरार अहमद को परीक्षाओं का चीफ एग्जामिनर नियुक्त किया गया। पूर्व विभागाध्यक्ष डीएमए डॉ. परवीन असरार को परीक्षा निरीक्षक नियुक्त किया गया। इस दौरान फैसल शाह खा, प्रीती राठौर, हुमा कौसर, ज़ुल्फिकार अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



### विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आकर्षक मॉडल बना दिखाई प्रतिभा

रामपुर, अमृत विचार : साई विहार ज्वाला नगर स्थित फर्स्ट इंप्रेशन पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित हुई। इसमें छात्र-छात्रों ने सुंदर वर्किंग मॉडल्स प्रस्तुत किए। छात्रा मन्नत और इशिका ने डॉक्टर का रूप धारण कर बताया कि किस बीमारी के लिए किस विशेषज्ञ के पास जाना चाहिए। साथ ही आपातकालीन स्थिति में फर्स्ट एड जीवन रक्षक के रूप में समझाया। छात्र आयुष सागर ने मोबाइल फोन का मॉडल बनकर अत्यधिक उपयोग के बारे में बताया। आरंभ डायरेक्टर ठाकुर अतुल कुमार सिंह एवं प्रिंसिपल वंदना डिमरी ने रिबन काटकर किया। इस दौरान सीनियर हेड मुस्कान खान, हेड कुमकुम राजपूत, चंचल प्रजापति सहित शिक्षिकाएं चांदनी श्रीवास्तव, लाजवंती, प्रियंका, ज्योति, श्रुति, मनीषा, शैली श्रीवास्तव, तान्या, वैशाली, खुशबू सक्सेना, आकांक्षा मौर्य, डॉली गंगवार, अक्षिता गंगवार आदि मौजूद रहीं।

# जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में स्वार ब्लॉक बना चैंपियन

संवाददाता कार्यालय, रामपुर

**अमृत विचार :** शनिवार को बमनपुरी स्थित शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता हुई। शानदार प्रदर्शन करने वाली स्वार ब्लॉक की टीम ओवरऑल चैंपियन बना। विजेताओं को राज्य कृषि मंत्री बलदेव सिंह औलख ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने कहा परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है, इस प्रतिभा को और निखारने की जरूरत है।

प्रतियोगिता का आरंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने 100 मीटर की दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना की। विजेता बालक एवं बालिकाओं को राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना सिंह ने मेडल पहना एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।





विजेताओं को ट्रॉफी देते राज्यमंत्री औलख, बीएसए कल्पना देवी व मौजूद अन्य।

● **कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने विजेता बच्चों को किया सम्मानित**

स्वार के बच्चों ने 251 अंक पाकर ऑल ओवर चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्राथमिक विद्यालय पंजाबनगर एवं कंपोजिट स्कूल घाटमपुर की बालिकाओं ने मुख्य स्थिति के समक्ष सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांधा। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने सफल आयोजन प शिक्षकों का आभार जताया। खेलों में 100 मी. दौड़ में स्वार के समीर प्रथम, चमरौआ के वरुण रहा द्वितीय रहे। 200 मी. में मिलक ब्लॉक के अर्जुन प्रथम, स्वार के समीर द्वितीय रहे। 400 मी. में मिलक के अर्जुन प्रथम। दूसरे स्थान सैदनगर के जुबैर रहे। 600 मी. में स्वार के समीर प्रथम, दूसरे स्थान पर शाहबाद के अंशु रहे। रिले रेस में स्वार विजेता और मिलक के रवि दूसरे नंबर पर रहे। बालिकाओं की 50 मी. दौड़ में स्वार की आलिया खान विजेता बनी। 100 मी. दौड़ में स्वार की स्वालेहा ने प्रथम व चमरोआ की अंशु द्वितीय रही। 200 मी. में स्वालेहा ने बाजी मारी, चमरोआ की आरती द्वितीय रही। सैदनगर बीईओ सुनील कुमार सक्सेना, मिलक बीईओ बबीता सिंह, शाहबाद बीईओ अशोक, स्वार बीईओ फोटो लाल निरंकारी, एमएल वर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक सलीम मियां, अनीसा लतीफ, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री चरन सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कैलाश पटेल, जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता, शैक्षिक संघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र सिंह गंगवार, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. राजवीर सिंह, जिला मंत्री अंजुम स्नेही सक्सेना, ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन दिलशाद वारसी ने किया।

### 400 मी. में मिस्बा विजेता

400 मी. दौड़ में स्वार की मिस्बा विजेता बनी, जबकि शाहबाद ब्लॉक की गौरी द्वितीय रही। 600 मी. की रेस में स्वार के समीर प्रथम व दूसरे स्थान पर शाहबाद के अंशु रहे। रिले रेस में स्वार विजेता बना। दूसरे स्थान पर मिलक का रवि रहा। बालकों की ऊंची कूद बिलासपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर चमरौआ रहा। ऊंची कूद में सैदनगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर स्वार रहा। खो-खो बालिका स्वार विजेता बना। कबड्डी में की टीम स्वार विजेता बनी। लंबी कूद में स्वार की मिस्बा ने बाजी मारी। चक्का फेंक में स्वार की अनु यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट में बालिकाओं में स्वार बालक वर्ग में स्वार विजेता बना। योगा में बालक वर्ग में सैदनगर एवं बालिकाओं में चमरोआ ने बाजी मारी। कुश्ती में नगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर मिलक रहा। पीटी में हरियाल की टीम प्रथम व दूसरे स्थान पर बिलासपुर रहा।

# बैंक यूनियन के विमल अध्यक्ष, संरक्षक चुने गए मंजूर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के संगठन कार्यालय पर नेशनल फेडरेशन ऑफ बैंक यूनियन की बैठक में पुरानी यूनिट को भंग कर नई यूनिट का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मंजूर हुसैन को संस्थापक बनाया गया। हरि ओम सक्सेना संरक्षक और विमल कुमार को जिलाध्यक्ष चुना गया।

जिला मंत्री सरजू कुमार ने संगठन की एकता पर जोर दिया। एसबीआई की मुख्य शाखा में शनिवार को हुए चुनाव में सरजू कुमार को जिला मंत्री, कामरेड धनराज को वरिष्ठ उपाध्यक्ष , अरविंद अग्रवाल, महेश कुमार, देवेंद्र सिंह, शुभम अग्रवाल, रविंद्र सिंह, राहुल कुमार, नजीर अहमद उप सचिव, कामरेड राजीव कुमार, रितेश द्विवेदी, बैंक ऑफ बड़ौदा की शाहिदा नाज, संगठन मंत्री स्टेट बैंक की उत्कर्षा सिंह और बैंक ऑफ बड़ौदा मधु सैनी प्रचार मंत्री बनाया गया। राजेश कुमार, अमन, उत्कर्षा सिंह को कार्यकारिणी में जगह दी गई है। कपिल गंगवार, अनिल कुमार, सोनिया, नजीर अहमद और सुदेश कुमार भी चुने गए। जिला मंत्री कामरेड धनराज ने संगठन के कार्यक्रमों में सहभागिता पर जोर दिया। कहा कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन के राष्ट्रीय आह्वान पर फाइव डे बैंकिंग की मांग पर हड़ताल कर सकती है। इसके लिए तैयार रहे। अंत में पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया।



एसबीआई की मुख्य शाखा में हुए चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी।

● **भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा में हुआ चुनाव**

### प्लांट से लोहा चोरी करते दो भाई गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार:** उधमसिंहनगर स्थित गावड़ कंस्ट्रक्शन लिमिटेड का एक प्लांट नैनीताल हाईवे स्थित कौशलगंज में है। शनिवार को कंपनी के कर्मचारी एजाज अहमद, रजनीश और ऋषभ सिंह प्लांट पर मौजूद थे। उन्होंने देखा कि दो युवक लोहे और सरिये के कट-पीस चोरी कर एक बोरे में भर रहे हैं। दोनों को पकड़ लिया। पुलिस पहुंच गई। पहचान आसिफ उर्फ सोनू और हाबिद उर्फ आबिद उर्फ मोनू के रूप में हुई है। दोनों उत्तराखंड के रुद्रपुर मोहल्ला खेड़ा, वार्ड नंबर 18 के रहने वाले सगे भाई हैं। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# श्री जानकी मंदिर में देव-प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** बिहारी कॉलोनी में नवनिर्मित श्री जानकी जी मंदिर में देव-प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

शनिवार को तीसरे दिन पंडित योगेश शर्मा के धार्मिक निर्देशन में पांच ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी देव प्रतिमाओं का अभिषेक किया। इस दौरान दूध, दही, घी और शहद सहित विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया गया और हवन-पूजन भी संपन्न हुआ। मंत्रोच्चार करने वाले ब्राह्मणों में पंडित भगवंत शर्मा, पंडित रोहित शर्मा, पंडित अंकित शर्मा और पंडित विशाल शर्मा शामिल थे। आयोजन समिति के संयोजक भगवान दास राठौर ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में राम दरबार, हनुमान, मां दुर्गा और शिव परिवार समेत कुल पांच देव प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। बताया कि गुरुवार से चल रहा प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तीसरे दिन धार्मिक विधि-विधान से संपन्न हो गया। समारोह के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे। व्यवस्थाओं में नरेश कुमार, राकेश कुमार, आकाश कुमार, मुकेश सिंघल, गौरव यादव, प्रेम कश्यप, लाला चेतराम, मोहित राठौर, दुर्गेश गंगवार, मनोज राठौर समेत कई सेवादारों ने सहयोग किया।

# वकील की अभद्र टिप्पणी पर रोष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** जिला पंचायत कार्यालय में अधिवक्ता फारुख हत्याकांड को लेकर चल रहे वकीलों के विरोध प्रदर्शन में एक अधिवक्ता ने अधिकारियों को लेकर अभद्र टिप्पणी कर दी थी। अभद्र टिप्पणी के विरोध में कर्मचारी संगठनों ने शनिवार को शहर कोतवाली पहुंचे और शिकायत की। उत्तर प्रदेश संघ, कलेक्ट्रेट संघ, अमीन संघ, राजस्व निरीक्षक संघ और आरके संघ सहित विभिन्न संगठनों ने आरोप लगाया कि अधिवक्ताओं द्वारा आंबेडकर पार्क के सामने हाईवे पर प्रदर्शन के दौरान कुछ अमर्यादित टिप्पणियां की गईं। कर्मचारियों का कहना है कि इन टिप्पणियों से उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। कर्मचारी संगठनों ने बताया कि जब अधिवक्ताओं का प्रदर्शन चल रहा था, उस समय डीएम, पुलिस अधीक्षक और नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर थे। कर्मचारियों ने इसे अपमानजनक बताते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। मामले में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमरीश कुमार, कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष पवन सक्सेना, अमीन संघ के अध्यक्ष राजीव सक्सेना और आरआई संघ के सतेंद्र शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी टीम के साथ मौजूद रहे।



कोतवाली में अधिकारियों से बात करते कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी।

● **कर्मचारियों ने कोतवाली पहुंचकर दी तहरीर, कार्रवाई की मांग**

**न्यूज ब्रीफ**

### नहटौर क्षेत्र में रंजिश ने ली वृद्ध की जान

**बिजनौर, अमृत विचार :** नहटौर क्षेत्र के गांव जोगीपुरा में शनिवार को विवाद में 60 वर्षीय रमेश की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया, जिसके मद्देनजर पुलिस ने एहतियातन निगरानी बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि रमेश का गांव के कुछ लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। मामला बढ़ा और दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो गई। इसी दौरान रमेश का संतुलन बिगड़ गया और वह पास में गड़े एक खूंटे पर गिर पड़े। गिरने से उन्हें गंभीर चोट लगी। परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल उपचार के लिए ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बाइक सवार अमरोहा का कांवड़िया दुघर्टना में घायल

**बिजनौर, अमृत विचार :** नहटौर कोतवाली देहात मार्ग पर गांव फुलसंदा के समीप कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे अमरोहा निवासी कांवड़ यात्री रूप किशोर घायल हो गए। रूप किशोर अपने साथी अनिल के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेने जा रहे थे। फुलसंदा के पास क कुत्ता बाइक के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसलकर सड़क पर गिर पड़ी। रूप किशोर को हाथ और पैर में चोटें आईं।

### दहशत का पर्याय बना गुलदार पिंजरे में कैद

**बिजनौर , अमृत विचार :** शुक्रवार की रात थाना नूरपुर क्षेत्र के गांव बाखराबाद खटाई के जंगल में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया । सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर गुलदार को अपने कब्जे में लिया । चांदपुर रेंज के रेंजर दुष्यंत कुमार ने बताया कि पकड़े गुलदार को सुरक्षित वन में छोड़ा जाएगा ।

### बंदर के हमले में बुजुर्ग गंभीर घायल

**अफजलगढ़, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला मंझोली निवासी शफीक अहमद (65) अपने घर की छत पर धूप में बैठे थे। इसी दौरान दीवार पर बैठे बंदर ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले से वह घायल हो गए। परिजनों ने बंदर को भगाकर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने उपचार के दौरान एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया और हालत सामान्य होने पर घर भेज दिया।

# हर-हर महादेव और बम-बम भोले के घोष से गूंज उठीं सड़कें

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में आज उमड़ेगी आस्था, हरिद्वार से जल ला रहे कांवड़ियों के जत्थों से श्रद्धा का माहौल, पुलिस- प्रशासन सतर्क

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



अमरोहा-बिजनौर मार्ग से गुजरते कांवड़ियों के जत्थे। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शिवभक्तों द्वारा हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटने का सिलसिला शनिवार की देर रात तक चलता रहा। दिन भर भजन और शिव की स्तुति में गीत बजने से वातावरण भक्तिमय हो गया। महाशिरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। श्रद्धालु डीजे की धुन पर देर रात कांवड़ और जल लेकर निकल रहे हैं। रविवार को महाशिवरात्रि पर शिवभक्त सुबह पांच बजे से मंदिरों में भगवान भोले का जलाभिषेक करेंगे। शहर से लेकर गांव तक हर-हर महादेव की गूंज होगी।

आज जिले भर में महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। श्रद्धालु व्रत रखकर मंदिरों में गंगा जल, दूध -दही, बेल पत्र, फूल, भांग धतूरा, केसर आदि चढ़ाकर अपने आराध्य देव की पूजा करेंगे। रविवार की सुबह पांच बजे से जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इसके लिए शिवालयों में जलाभिषेक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। शनिवार को सबसे ज्यादा कांवड़ियों का रेला उमड़ता दिखाई दिया। अमरोहा-बिजनौर मार्ग पर कांवड़ियों की कतारें लगी रहीं। अमरोहा से नेशनल हाईवे तक कांवड़िये ही कांवड़िये नजर आ रहे हैं। भोले की भक्ति में सब कुछ भूले कांवड़िये तेजी से गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए। शिवभक्तों के जत्थे बम-बम भोले के जयकारों के साथ गंतव्य पर पहुंचे।

कांवड़ियों का जगह-जगह स्वागत किया गया। कई लोगों ने कांवड़ियों की सेवा के लिए कांवड़ शिविर लगाए। जहां कांवड़ियों ने कुछ देर के लिए विश्राम और हल्का फुल्का जलपान किया। इसके बाद फिर कांविड़ए जयकारों के साथ अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। देर रात तक कांवड़ियों के गंतव्य के लिए लौटने का सिलसिला जारी रहा। नगर के प्राचीन वासुदेव तीर्थ मंदिर पर जलाभिषेक करने को आज आस्था का सैलाब उमड़ेगा। वासुदेव तीर्थ स्थल समेत अन्य कई मंदिरों पर मेले का आयोजन होगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### महाशिवरात्रि के लिए सज रहे शिवाला

**हसनपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व से पूर्व नगर पूरी तरीके से शिव भक्ति में लीन दिखाई देने लगा। शनिवार को पूरे दिन नगर के अंदर एवं बाईपास पर शिव भक्त ही शिव भक्त दिखाई दिए। नगर में सामाजिक, व्यापारी एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी द्वारा कैंप लगा कर सिर्फ भक्तों की सेवा की जा रही थी। शिव भक्तों का उत्साह देखने लायक था। वहीं से भक्तों की सेवा के लिए लगे शिविरों में कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे थे। वही शिव भक्तों के आगमन पर उनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से सतर्क रहा।

### मंदिरों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**अमरोहा, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। पुलिस-प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए हैं। शिवालयों में सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जाएगी। सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मी शिवालयों के बाहर मुस्तैद रहेंगे। शिवभक्तों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। नगर, देहात कस्बों के मंदिरों में पुलिस मुस्तैद रहेगी। एसपी अमित आनंद ने बताया कि महिला श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए महिला कास्टेबल मुस्तैद रहेंगी। इसके अलावा मनचलों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस सादे कपड़ों में तैनात रहेगी। त्यौहार पर महौल बिगाड़ने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में तैयारियां पूर्ण



**हसनपुर, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर नगर के प्रसिद्ध श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में जलाभिषेक किया जाएगा। प्रशासन एवं मंदिर कमेटी की ओर से सुरक्षा व व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंदिर कमेटी के प्रबंधक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जलाभिषेक के लिए भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और कतारबद्ध होकर दर्शन करने के लिए उचित प्रबंध किए गए हैं, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए पुलिस बल तैनात रहेगा। अंकुर अग्रवाल ने अपील की है कि सभी भक्त शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बारी की प्रतीक्षा करें और श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक कर पुण्य लाभ कमाएं।

# सोशल मीडिया पर श्रद्धा और भक्ति का उफान

संवाददाता, रहरा



कांवड़ लाने के दौरान सेल्फी लेता बच्चा। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** रविवार को महाशिवरात्रि के लिए लाखों शिव भक्त हरिद्वार से कांवड़ ला रहे हैं। शनिवार को हाईवे पर पुण्य के समुद्र में उमडा आस्था का सैलाब डीजे की धमक के साथ कण-कण में महाकाल की गूंज के साथ दिखाई पड़ा। कंधे पर कांवड़, मन में महाकाल और बम बम भोले की जयकार के बीच कांवड यात्रा में हाईटेक आस्था दिखाई दी। पहले कांविडये नंगे पैर यात्रा करते थे। उस समय न ढोल-डीजे,न बडे जूलूस- बस भक्ति,नियम और अनुशासन। कम समान लेकर गंगाजल लाने वाले कांवडिये मंदिर या घरों में अधिकांश कांवडिये निवास किया करते थे। ठहराब और भोजन मिलता था। इसे ही सेवा माना जाता था। आज आधुनिक कांवड यात्रा एक विशाल आयोजन बन चुकी है। यातायात, प्रशासन मीडिया सब जुड़ते हैं। कांवड़ यात्रा ने हाईटेक रूप अख्तियार कर लिया है।

प्रशासन, श्रद्धालु और स्वयं सेवी संगठन सब मिलकर टेक्नोलॉजी का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं। यात्रा मार्गो,शिविरों और मंदिर परिसरों में हर पल को कमरे में कैद करने का उत्साह दिख रहा है। विशेष कर युवाओं में सेल्फी और रील बनाने का क्रेज नजर आया। सोशल मीडिया पर फोटो, रील और लाइव वीडियो के जरिए श्रद्धालु अपनी भक्ति और और यात्रा का अनुभव साझा कर रहे हैं। कई कांवड शिविरों मे आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं।

# कांवड़ जत्थे पर गुलदार का हमला बालक घायल

**हसनपुर, अमृत विचारः** हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे शिवभक्तों के जत्थे पर गुलदार द्वारा किए गए हमले में बालक घायल हो गया है।

अमरोहा जनपद के थाना आदमपुर के गांव दड़ियाल निवासी दीपेंद्र कुमार का आठ वर्षीय पुत्र अनिकेत परिजनों के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहा था। शुक्रवार तड़के बिजनौर के नहटौर कोतवाली रोड पर गांव दरबारपुर के सामने गुलदार ने अचानक अनिकेत पर हमला बोल दिया। गुलदार के पंजे से बालक के हाथ और पेट पर जख्म के निशान लगे, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल बालक को तत्काल नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। शनिवार को उपचार के बाद बालक परिजनों के साथ हसनपुर नगर पहुंचा।

# विश्वनाथ आश्रम में उमड़ेंगे श्रद्धालु

संवाददाता, सैदनगली



बिजनौर का शिव मंदिर।

- **दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान से भी आते हैं प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु**

**अमृत विचारः** सैदनगली से करीब तीन किलोमीटर गांव बिजनौरा में बने विश्वनाथ आश्रम का इतिहास 1935-40 का है। उत्तर प्रदेश के अलावा दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान समेत कई प्रदेशों से हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष यहां दर्शन करने आते हैं। शिवरात्रि तथा सावन मास में श्रद्धालु यहां हरिद्वार से गंगाजल लाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

ग्राम प्रधान हेमराज सिंह गुर्जर ने बताया कि 1940 में मुख्तियार सिंह का गांव से सटा एक खेत था। वह खेत की जुताई कर रहे थे। उनके हल की नोंक शिवलिंग जैसे पत्थर से टकराई। उन्होंने देखा तो वहां कुछ खून की बूंदे थीं। ग्रामीणों के कहने पर मुख्तियार सिंह ने करीब दो बीघा जमीन मंदिरके लिए दान कर दी। इसके बाद ग्रामीणों ने वहां विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर आपसी सहयोग से एक छोटे मंदिर का निर्माण कराया। आज यह विश्वनाथ आश्रम विशाल शिव मंदिर के रूप में प्रसिद्ध है।

फाल्गुन महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालु यहां हरिद्वार से लाकर जलाभिषेक करते हैं और यहां विशाल मेले का आयोजन भी किया जाता है सभी श्रद्धालु मेले का आयोजन का आनन्द लेते हुए भगवान के दर्शन करते है। पूर्व में मंदिर के पुजारी वसुधानंद प्रत महाराज ने यहां अपना शरीर त्यागा था। इसके बाद ग्रामीणों ने मंदिर के परिसर में उनकी प्रतिमा का निर्माण कराया था। मास्टर हेमराज सिंह ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर अपने अध्यापक बनने पर पांच साल की सेवा के बाद राधा-कृष्ण मूर्ति की स्थापना कराई।

# शिवालयों में की गई भव्य सजावट

संवाददाता, गजरौला



झालरों से सजा मंदिर, निरीक्षण करतीं सीओ अंजलि कटारिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शहर व देहात क्षेत्रों में महाशिवरात्रि का त्योहार रविवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। त्योहार के मद्देनजर शहर व देहात के मंदिरों और शिवालयों को फूलों और रंग बिरंगी लाइटों से सजा गया है। जलाभिषेक के लिए मंदिरों में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बैरिकेडिंग और पुलिस की व्यवस्था की गई है। शनिवार को सड़कों पर कांवड़ियों की भीड़ रही। चोरों तरफ बोल बम-बम के उद्घोष की गूंज रही।

प्राचीन चाकेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी लवकुश ने बताया कि मंदिर में जलाभिषेक की पूरी तैयारी कर ली गई हैं। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिरों में भी समितियों द्वारा व्यवस्था की गई है। महाशिवरात्रि के त्योहार को लेकर सभी शिवालयों को फूलों और लाइटों से सजाया गया है। प्रशासन ने भी मंदिरों में भक्तों की भीड़ को देखते हुए पर्याप्त पुलिस की तैनाती की है। वहीं, शनिवार को हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले कांवड़ियों की धूम मची रही। संभल, चंदौसी, बहजोई, बरेली, अलीगढ़, बबराला समेत के तमाम शिवभक्त कंधे पर कांवड़ लेकर पैदल गंतव्य की ओर बढ़ते दिखाई दिए।

### सीओ ने मंदिरों का निरीक्षण किया

महाशिवरात्रि में मद्देनजर शनिवार को सीओ अंजलि कटारिया ने प्राचीन चाकेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण किया। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का हाल जाना। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। यहां मौजूद पुलिसकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। स्पष्ट कहा कि जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं होने चाहिए। मेले में संदिग्धों पर नजर रखी जाए।

# हरिबाबा धाम पर चढ़ाएंगे सवा क्विंटल का घंटा

**हसनपुर,अमृत विचारः** मन्नत पूरी होने पर शिव भक्तों द्वारा हरिद्वार से पैदल सवा क्विंटल का घंटा लेकर हरि बाबा बांध धाम पर पहुंच कर महाशिवरात्रि पर्व पर चढ़ाएंगे।

संभल के गंवा निवासी दिनेश कुमार,तेजपाल,राधाकृष्ण,अवधेश, विकास एवं हिमांशु के द्वारा एक मन्नत मांगी थी। जिसके पूर्ण होने पर उन्होंने जनपद स्थित हरि बाबा बांध धाम पर सवा क्विंटल का घंटा चढ़ाने की बात कही थी। मन्नत पूरी होने पर सभी भक्त 9 फरवरी को हरिद्वार गए और 10 फरवरी को गंगाजल सवा क्विंटल पीतल का घंटा लेकर पदयात्रा शुरू कर दी, लगातार चार दिन चलने के बाद शनिवार को नगर में पहुंचे तो बड़ा घंटा शहर में चर्चा का विषय रहा। दिनेश कुमार ने बताया मन्नत पूरी होने पर हरिद्वार से पैदल चलकर गंगाजल एवं सवा कुंटल पीतल का घंटा लेकर आए हैं।



सवा क्विंटल का घंटा पैदल ले जाते थे शिवभक्त। ● अमृत विचार

# वाहन की टक्कर से युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचारः** अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

नगर के काशीराम कॉलोनी निवासी गुलफाम पुत्र इलियास कबाड़ खरीदने का काम करता है। शुक्रवार की देर रात वह नगर से ठेली लेकर अपने घर लौट रहा था। संभल मार्ग पर अब्दुल्ला कॉलोनी के निकट किसी वाहन ने ठेली में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ठेली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।वह गुलफाम भी गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के मोबाइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने घायल को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# विधानसभा घेराव में अमरोहा से जाएंगे 500 कांग्रेसी

संवाददाता, सैदनगली



प्रेस वार्ता करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया।

- **मनरेगा खत्म करना गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा: कटारिया**

**अमृत विचारः** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने शनिवार को प्रेस वार्ता में कहा कि मनरेगा को खत्म करना गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा है और कांग्रेस इसे बचाने के लिए 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा का घेराव करेगी।

कटारिया ने बताया कि जनपद अमरोहा की चारों विधानसभाओं से करीब 500 कार्यकर्ता लखनऊ कूच करेंगे। उन्होंने भाजपा को मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि यूपीए सरकार द्वारा लागू यह क्रांतिकारी कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है, जिसे केंद्र सरकार साजिश के तहत कमजोर कर रही है। घेराव की सफलता के लिए राजकुमार अरुण, अफसर अली वारसी, चौधरी सुखराज सिंह और फैज आलम राईनी समेत अन्य नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस दौरान राजपाल सैनी, दीपक गौतम और मनोज कटारिया सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गृहक्लेश के चलते युवक ने की आत्महत्या

**हसनपुर, अमृत विचारः** गृहक्लेश के चलते 20 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। कोतवाली क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर निवासी मोमराज का 20 वर्षीय पुत्र सौरभ चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था। शुक्रवार की देर शाम घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके चलते देर रात युवक ने सल्फास की गोलियां खा लीं। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



सौरभ।

मृतक के चाचा नंदराम सिंह सागर ने बताया कि मामला घरेलू विवाद से जुड़ा था।

# हरिद्वार जल लेने निकले युवक को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- **गांव मूंढा मुकारी के पास लहूलुहान हालत में मिला**

**अमृत विचारः** घर से हरिद्वार जल लेने निकले युवक को गांव मूढामुकारी के पास अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। उसको दो गोली मारी गई एक सीने में तो दूसरी कमर पर। वह लहुलूहान हालत में पड़ा मिला। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसको मेरठ रेफर कर दिया गया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सलामतपुर निवासी हरिओम शनिवार सुबह हरिद्वार से कांवड़ लेने जाने की बात कहकरनिकला था। आठ बजे वह नौगावां सादात क्षेत्र के गांव मूंढ़ा मुकारी के पास सत्संग भवन से जंगल की तरफ जाने वाले रास्ते पर लहूलुहान में हालत में पड़ा मिला। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। हरिओम सिंह को दो गोली मारी गई हैं, एक गोली सामने से सीने पर तो दूसरी पीछे से कमर में लगी है।

पुलिस ने तुरंत ही घायल हरिओम को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेरठ रेफर कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि घायल हरिओम के बयान दर्ज करने के लिए दरोगा को मेरठ भेजा गया है। हालांकि, परिजन किसी भी तरह की रंजिश से इनकार कर रहे हैं। बयान और तहरीर के आधार पर आगे जांच व कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य विभाग ने पांच अवैध अस्पताल किए सील

**सैदनगली, अमृत विचारः** जिले में अवैध रूप से चल रहे क्लीनिकों और झोलाछापों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग ने कड़ा रुख अपनाया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सैद नगली नगर पंचायत क्षेत्र में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से संचालित किए जा रहे पांच अस्पतालों को सील कर दिया गया। ये अस्पताल बिना किसी वैध डिग्री या पंजीकरण के मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहे थे। सीएमओ ने सख्त चेतावनी दी है कि क्षेत्र में किसी भी झोलाछाप को बख्शा नहीं जाएगा और स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेंद्र सिंह, ,हसनपुर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ ध्रुवेन्द्र सिंह रहे।

# डीएम ने कोतवाली में देखीं व्यवस्थाएं

- **अभिलेख एवं मालखाने तथा अपराधों के निस्तारण की समीक्षा डीएम ने की**

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने शनिवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। डीएम ने कोतवाली के अभिलेख एवं मालखाने तथा अपराधों के निस्तारण की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कोतवाली के अभिलेखों के रख रखाव एवं मालखाने में माल मुकदमा तथा हथियारों की सुरक्षा रख रखाव एवं मुकदमों का निस्तारण आदि का निरीक्षण किया। परिसर की सफाई व्यवस्था, हवालात की सफाई एवं रोशनी की व्यवस्था, शौचालय तथा आसपास की अन्य कई चीजों का निरीक्षण किया। कम्प्यूटर कक्ष तथा कम्प्यूटराइज एफआईआर की व्यवस्था का अवलोकन किया तथा आफलाइन एफआईआर के बारे में भी जानकारी ली। समाधान दिवस, तहसील दिवस, जीडी रजिस्टर नंबर चार व आठ, गुण्डा एक्ट सहित सभी रजिस्टरों का निरीक्षण किया। महाशिवरात्रि पर्व पर व्यवस्थाओं के विषय में भी जानकारी की गई। उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय, पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी, प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**हसनपुर,अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा और स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी,फार्मेसी, लेबर रूम, कोल्ड चौन एवं इमरजेंसी के साथ अस्पताल के समस्त पटलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी दौरान अस्पताल में उपस्थित मरीजों से भी व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी की। जिलाधिकारी द्वारा अस्पताल में सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए समय पर व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी द्वारा अस्पताल परिसर में लगे हेल्थ एटीएम का भी निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेंद्र सिंह,प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह,डॉक्टर ब्रह्मानंद शर्मा, डॉक्टर अंजु सिंह,डॉक्टर प्रियंका, डॉक्टर हुमेरा खान, डाक्टर मुदित गौतम एवं मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**हसनपुर, अमृत विचारः** थाना समाधान दिवस में जिला अधिकारी निधि गुप्ता ने फरियाद सुनीं। मात्र दो शिकायतें दर्ज हुई। जिनमें से एक शिकायत का अधिकारियों द्वारा मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सुनी। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। उप जिला अधिकारी हिमांशु उपाध्याय,पुलिस क्षेत्र अधिकारी पंकज त्यागी,प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सहित पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

अमृत विचार

मुरादाबाद, रविवार, 15 फरवरी 2026



**न्यूज ब्रीफ**

## ट्रक सड़क से नीचे उतरा, मिट्टी में फंसा

**कैलादेवी, अमृत विचार :** गाजियाबाद से सामान भरकर अनूपशहर–संभल रोड से गुजर रहे ट्रक चालक रिजवान को नींद की झपकी आ गई। इसी दौरान सामने से आ रहे एक कंटेनर को बचाने के प्रयास में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया। मिट्टी के ढेर में ट्रक फंस जाने से वह खंदक में गिरने से बच गया। रिजवान ने बताया कि वह गाजियाबाद से किराने का सामान लोड कर बिहार जा रहा था। लगातार ड्राइविंग के चलते उसे झपकी आ गई, जिससे यह घटना हो गई। सूचना पर स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए। बाद में ट्रक को निकालने की कोशिशें शुरू की गईं।

## महिलाओं, बालिकाओं को किया जागरूक

**चंदौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन के मिशन शक्ति फेज–5.0 के अंतर्गत शनिवार को पुलिस टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम ने चौपाल लगाकर महिला सुरक्षा, स्वावलंबन और समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। एंटी रोमियो टीम ने बाजारों, स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1076, 102, 108 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी तथा पंपलेट वितरित किए। महिला पुलिसकर्मियों ने मोबाइल पैनिक बटन का डेमो भी दिया और महिलाओं को निर्भीक होकर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

# उमड़े कावड़ियों के रेले, गूंजे जयकारे, आज भोर से जलाभिषेक

### संभल में चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनाती, प्रमुख मार्गों पर किया गया रूट डायवर्जन, लागू किया गया खास यातायात प्रबंधन



हल्लू सराय तिराहा के निकट शिवालय की तरफ बढ़ते कांवड़िये। ● अमृत विचार





हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गांव की तरफ बढ़तीं महिलाएं। ● अमृत विचार



शंकर कालेज चौराहा पर भोलेनाथ के जयकारे के साथ आगे बढ़ते कांवड़िया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

- सत्यव्रत पुलिस चौकी पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम से निगरानी
- कांवड़ लेकर आने वालों के साथ भी पुलिस तैनात

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि से एक दिन पहले कांवड़िए हरिद्वार व दूसरी जगहों से कांवड़ लेकर वापस लौटे तो सड़के कांवड़ियों से पटी नजर आईं। कल्कि नगरी संभल में कांवड़ियों के 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। बड़ी संख्या में शिवभक्त डीजे की धुन पर भी नाचते नजर आये। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए शहर के साथ ही प्रमुख कांवड़ मार्गों पर पुख्ता पुलिस प्रबंध रहे। आज प्रातः से शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जायेगा।

गोमुख, हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों का जनपद में जगह-जगह स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी के जवानों की तैनात के साथ ही कांवड़ लेकर आने वालों के साथ भी पुलिस की टुकड़ियां चलती दिखाई दीं। सत्यव्रत पुलिस चौकी पर बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जाती रही । शनिवार को जनपद के शहरी और ग्रामीण इलाकों में सुबह से ही शिव भक्ति की आस्था उमड़ी नजर आई। हरिद्वार से कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़िये संभल जोया मार्ग पर होकर शहर की तरफ बढ़े जबकि बृजघाट से कांवड़ लेकर आने वाले कांवड़िये संभल गजरौला मार्ग पर आगे बढ़ते नजर आये। महिलाएं भी कांवड़ लेकर आईं। कई शिवभक्त कांवड़ियों के पैर चलते-चलते सूज गए थे और उन्हें चलने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद वह बम भोलेनाथ के जयकारे के साथ अपना दर्द भुलाकर शिवभक्त में लीन होकर आगे बढ़ते रहे।

कांवड़ियों के मद्देनजर जनपद के विभिन्न स्थानों पर भंडारे और विश्राम स्थलों की व्यवस्था की गई। सामाजिक और धार्मिक संगठनों की ओर से फल, शरबत और प्रसाद वितरण किया गया। असमोली के क्षेत्राधिकारी कुलदीप कुमार ने बताया कि गोमुख, हरिद्वार और बृजघाट से आने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कांवड़ियों को सुरक्षा घेरा देकर एक गंतव्य से दूसरे गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाया जा रहा है। यातायात क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जनपद में 17 रूट डायवर्जन लागू किए गए हैं। प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है, जबकि वैकल्पिक मार्गों की ओर ट्रैफिक को मोड़ा जा रहा है।

## जलाभिषेक के लिए शिवभक्त उत्साहित

**संभल, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर रविवार तड़के से शिवालयों पर जलाभिषेक का सिलसिला शुरु हो जायेगा। प्रमुख मंदिरों पर तेरस मेलों का आयोजन भी किया गया है। संभल जनपद के आधा दर्जन शिवालय ऐसे हैं जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचेंगे। संभल शहर में श्रीकृष्णेश्वरनाथ महादेव सूर्यकुंड, श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, फतेहपुर भाऊ स्थित श्रीप्रकेटेश्वर महादेव मंदिर, थाना असमोली क्षेत्र के गांव गुमसानी के शिव मंदिर तथा थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बेरनी स्थित श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर के साथ ही सादातबाड़ी शिव मंदिर बहजोई में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। मंदिरों के आसपास बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी पूरी तरह सतर्क हैं।

## 70 साल के जालम सिंह 40वीं बार लाये कांवड़



**संभल, अमृत विचार :** जालम सिंह 70 साल की उम्र में भी कंधे पर कांवड़ रखकर भगवान भोलेनाथ का जयघोष करते हुए हरिद्वार से अपने गांव के शिवालय की तरफ बढ़ रहे हैं। कंधे पर कांवड़ लेकर शनिवार शाम को संभल पहुंचे जालम सिंह के चेहरे पर थकान तनिक भी नजर नहीं आती। वह उत्साह के साथ लगातार तेज कदमों से आगे बढ़ते दिखाई देते हैं। जालम सिंह ने बताया कि 40 वीं बार कांवड़ लेकर आए हैं। वह कोई मन्नत या कुछ और भगवान से नहीं मांगते। भगवान ने उन्हें सब कुछ दिया है, उनकी भगवान भोलेनाथ में आस्था है इसलिए वह कांवड़ लेकर आते हैं। आगे भी जब तक शरीर में दम रहेगा वह कांवड़ लेकर आने का सिलसिला जारी रखेंगे।

# बिलखती मां लगा रही गुहार, कोई लौटा दे मेरी मासूम बेटी

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

- छह दिन हो गए आठ साल की बच्ची को लापता हुए

**अमृत विचार :** थाना कैला देवी अंतर्गत गांव लखनपुर से 8 वर्षीय संगीता के लापता होने का मामला अब और गहराता जा रहा है। सोमवार शाम से शुरू हुई तलाश छह दिन बाद भी बेनतीजा है। भीड़भाड़ वाले चौराहे से बच्ची के इस तरह गायब हो जाने से लोग सकते में हैं। बेटी के लापता हो जाने के बाद मां बिलखते हुए कहती है कि कोई उसकी बेटी उसे वापस लौटा दे।



लापता बच्ची।

सोमवार को जीराज अपनी पत्नी विमलेश और आठ साल की बेटी संगीता के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गए थे। लौटते समय गांव के चौराहे पर डीजे बज रहा था। घर पर लकड़ी रखकर संगीता डीजे देखने चली गई, लेकिन फिर वापस नहीं लौटी। भीड़भाड़ वाले स्थान से बच्ची के गायब होने से ग्रामीण स्तब्ध हैं। मंगलवार को पिता जीराज ने कैला देवी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार को क्षेत्राधिकारी आलोक भाटी गांव पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। गुरुवार को सीओ असमोली के नेतृत्व में खोजी कुत्ते के साथ टीम ने जंगल और आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया, लेकिन वहां भी कोई सफलता नहीं मिली।

शुक्रवार कोएसओजी टीम भी गांव पहुंची और संदिग्ध बिंदुओं पर जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि हर एंगल से जांच की जा रही है, लेकिन छह दिन बीत जाने के बाद भी नतीजा शून्य रहने से ग्रामीणों में आक्रोश और भय बढ़ता जा रहा है। घर में मातम पसरा है और मां की निगाहें हर वक्त दरवाजे पर टिकी रहती हैं। माता- पिता हर आने-जाने वाले से बस एक ही सवाल पूछ रहे हैं-मेरी बेटी का कुछ पता चला। हालात ऐसे हैं कि छह दिन से घर में चूल्हा तक नहीं जला। माता-पिता की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। पिता जीराज ने बताया कि वह पत्नी विमलेश के साथ हरियाणा के जहाजगढ़ में बेलदारी करते हैं। संगीता सबसे बड़ी थी और घर पर अपने दो छोटे भाई-बहन भावना और मनीष की देखभाल करती थी। नवंबर में ठंड बढ़ने पर परिवार गांव लौट आया था। आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और टिनशेड के मकान में किसी तरह गुजारा हो रहा है। बेटी की तलाश में जीराज तांत्रिकों के पास भी जा चुके हैं, लेकिन कहीं से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी।



लखनपुर गांव में लापता बच्ची के बेहाल माता –पिता। ● अमृत विचार

### मां बोली, यहां न आते तो न बिछड़ती बेटी

बच्ची की मां विमलेश का विलाप हर किसी का दिल दहला देता है। वह बार–बार यही कहती है कि अगर जहाजगढ़ से गांव न आते तो मेरी बेटी गायब न होती, कोई तो मेरी बेटी को लौटा दो। ग्रामीणों का कहना है कि यदि परिवार को सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिला होता तो शायद जंगल में लकड़ी बीनने की नौबत ही न आती। उज्ज्वला योजना का लाभ न मिलने की पीड़ा भी परिवार जता रहा है। भीड़ के बीच से 8 वर्षीय मासूम आखिर कहां और कैसे गायब हो गई, इन सवालों के बीच पुलिस जांच जारी है। लेकिन हर गुजरते दिन के साथ परिवार की उम्मीदें टूटती जा रही हैं। इस मामले की जांच में शामिल सीओ कुलदीप कुमार का कहना है कि पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है।

## पशुशाला में युवक का शव फंदे से लटका मिला

**रजपुरा, अमृत विचारः** गांव डुप्टा कला में भानु प्रकाश उर्फ विभू शर्मा ( 24 वर्ष) पुत्र दिनेश शर्मा, निवासी डुप्टा कला का शव शनिवार सुबह पशुशाला में लटका मिला। परिजन शव फंदे से लटका देख हलकान हो गए। । भानु प्रकाश की शादी करीब चार महीने पहले हुई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार चौधरी ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## हरिबाबा धाम के विकास को 75 लाख रुपये स्वीकृत

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचारः** बदायूं सदर के भाजपा विधायक महेश गुप्ता के प्रयासों से श्री हरिबाबा बांध धाम के विकास के लिए 75 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई है। इस राशि से मल्टीपरपज हॉल, पेयजल व्यवस्था, पथ प्रकाश, सुलभ प्रसाधन, बेंच सहित विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगे।

यह धनराशि उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत स्वीकृत की गई है। हरिबाबा बांध धाम पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं।



दर्शन करते विधायक महेश गुप्ता।

विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के माध्यम से प्रस्ताव सौंपा। परिणामस्वरूप 75 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत हो गई है। विधायक महेश गुप्ता ने बताया कि कार्यदायी संस्था जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ करेगी।

# महिला की मौत पर सीएचसी में हंगामा

संवाददाता, रजपुरा

- प्रसव के एक घंटे बाद बिगड़ी हालत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में प्रसव के एक घंटे बाद महिला की हालत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे उपचार के लिए गुन्नौर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से आक्रोशित परिजन शाम करीब सात बजे शव लेकर सीएचसी रजपुरा पहुंचे और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

परिजनों के अनुसार शनिवार सुबह 30 वर्षीय राजवती को प्रसव के लिए सीएचसी रजपुरा लाया गया था। शाम करीब चार बजे उसने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर गुन्नौर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के पति की पांच माह पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। अब महिला के निधन के बाद पांच वर्षीय कृष्ण, तीन वर्षीय योगेश और नवजात शिशु पूरी तरह अनाथ हो गए हैं।

सीएचसी लौटकर पहुंचे परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया और स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हंगामा किया। सीएचसी चिकित्साधीक्षक डॉ. पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रसव के बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्राव हो गया था। स्थिति गंभीर होने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन परिजन उसे जिला अस्पताल के बजाय गुन्नौर ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

# मायके जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचारः** मेरठ- बदायूं स्टेट हाईवे पर शनिवार दोपहर बाइक से गिरकर महिला की मौत हो गई। मृतका अपने मायके आ रही थी।

बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव शुजावली निवासी अमरपाल अपनी पत्नी रूपवती (27) को लेकर धनारी थाना क्षेत्र के गांव नगला चतुर्भानपुर स्थित ससुराल जा रहा था। बाइक अमरपाल का चाचा रविन्द्र चला रहा था। दोपहर करीब दो बजे गुन्नौर में हाईवे स्थित एचपी ढाबा के सामने रूपवती अचानक असंतुलित हो कर चलती बाइक से सड़क पर गिर पड़ी। गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आ गई और सिर से खून बहने लगा। हादसे के बाद राहगीरों की मदद से अमरपाल ने घायल पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप यादव ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन बेहाल हो गए।

**न्यूज डायरी**

## बच्चों ने किया माता-पिता का पूजन, लिया संकल्प



**संभल, अमृत विचार :** भारतीय इतिहास संकलन समिति के तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर में छात्र–छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षक मंडल की सहभागिता से माता–पिता पूजन दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों ने माता–पिता का पूजन कर उनकी आज्ञा पालन का संकल्प लिया। भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि माता–पिता चलते–फिरते देव हैं और सबसे बड़े तीर्थ हैं। उनकी आज्ञा का पालन हर परिस्थिति में किया जाना चाहिए। जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने कहा कि जो व्यक्ति अपने माता–पिता का सम्मान और आज्ञा पालन नहीं करता, उससे कोई भी देवी–देवता प्रसन्न नहीं हो सकते। चौधरी देवेंद्र सिंह तेवतिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में आयोजित होने चाहिए। अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज के बच्चे ही भविष्य के देश निर्माता और भाग्य विधाता हैं। उन्हें संस्कारयुक्त शिक्षा देना केवल शिक्षकों का ही नहीं, बल्कि माता–पिता का भी दायित्व है। तृषा लोधी और सेवाराम सिंह यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संचालन प्रधानाध्यापक अतुल कुमार शर्मा ने किया।



## सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव प्रतिभागियों का सम्मान

**चंदौसी, अमृत विचार :** हनुमानगढ़ी स्थित जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी डॉ. टीएस पाल, प्रबंधक सुनील कुमार व प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों को व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। सम्मान पाकर छात्र–छात्राएं उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम का संचालन आचार्य जगपाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी आचार्य एवं आचार्या बहनें उपस्थित रहीं।

## शिवरात्रि मेले में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण, पॉलिथीन जब्त

**मनोटा, अमृत विचार :** विकासखंड असमोली की ग्राम पंचायत गुमसानी में झारखंडी शिव मंदिर पर लगने वाले शिवरात्रि मेले को लेकर प्रशासनिक अमला सक्रिय नजर आया। मेले में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत सुनील कुमार सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट राहुल सिंह और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरिफ असलम मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मेले में तैनात सभी सफाई कर्मचारियों को साफ–सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की सख्त हिदायत दी गई। निरीक्षण के दौरान तीनों अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मेले में दुकानदारों के पास से करीब तीन किलो पॉलिथीन जब्त की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले को पूरी तरह पॉलिथीन मुक्त रखा जाए और किसी भी हाल में पॉलिथीन का उपयोग न किया जाए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि आगे किसी दुकानदार के पास पॉलिथीन पाई गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## 2027 में सपा सरकार बनने के लिए लाए कांवड़



**संभल, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के अवसर पर यादव समुदाय के कुछ शिवभक्त पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और उनके पिता मुलायम सिंह यादव के नाम की कावड़ लेकर गांव पहुंचे हैं। इनका कहना है कि 2027 में सपा की सरकार बने इसके लिए वह कांवड़ लेकर आये हैं। यह युवक रविवार को कोकापुर के प्राचीन श्री पातालेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। कैला देवी क्षेत्र के गांव नारंगपुर के जयप्रकाश यादव और अंकित उर्फ भाटी पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं मुलायम सिंह यादव के नाम की कावड़ लेकर आए हैं। उनके साथ वेदप्रकाश, पुनीत, अशोक, पप्पू, रूपकिशोर, यशपाल, वीरेंद्र, सतेंद्र, दिनेश, दीपेश और दीपांशु सहित अन्य श्रद्धालु भी शामिल हैं। दोनों की कांवड़ पर मुलायम सिंह यादव व अखिलेश यादव के फोटो लगे हैं। उनका कहना है कि मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव भगवान भोले के भक्त हैं। उन्होंने एटा में मंदिर निर्माण कराया है। जयप्रकाश यादव ने कहा कि हम अपनी श्रद्धा और समर्थन व्यक्त करने के लिए उनके नाम की कावड़ लेकर आए हैं।

**दंगे की कहानी** अन्नू कपूर निभाएंगे रोल, 1978 के साम्प्रदायिक दंगे और 24 नवंबर 2024 की हिंसा पर है फिल्म

# कल्कि संभल का तीसरा किरदार 'नवाब साहब' जारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- अब्बाजान, भाईजान और सेठ बनवारी लाल के किरदार पहले ही जारी

**अमृत विचारः** अब्बाजान, भाईजान और सेठ बनवारी लाल के किरदार सामने आने के बाद फिल्म कल्कि संभल का एक और महत्वपूर्ण और असरदार किरदार सामने आ गया है। अमित जानी की जानी फायरफॉक्स फिल्म्स की ओर से फिल्म के चौथे किरदार 'नवाब साहब' को रिवील किया गया है। मशहूर अभिनेता अन्नू कपूर नवाब साहब की भूमिका निभाएंगे।





फिल्म का तीसरा किरदार जारी।

उदयपुर फाइल फिल्म बना चुके अमित जानी 1978 के संभल दंगे और 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा की पृष्ठभूमि पर फिल्म 'कल्कि संभल' का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अभी शुरु नहीं हुई है लेकिन दो पोस्टरों के जरिये किरदार रिवील करते ही विवाद शुरू हो गया है। पहले पोस्टर में अब्बाजान व भाईजान का किरदार जारी किया गया। किरदारों के हुलिये व अन्य चीजों को लेकर कहा जाने लगा कि डा. शफीकुर्रहमान बर्क और जियाउर्रहमान बर्क के किरदारों को अब्बाजान और भाईजान नाम दिये हैं। अब्बाजान के फोटो के साथ लिखा था-महेश मांजरेकर एज अब्बाजान 1978 जबकि दूसरे फोटो के नीचे लिखा था-विजय राज एज भाईजान 2024। 'अब्बाजान' और 'भाईजान' नामों को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई थीं। फिल्म को लेकर विवादों के बीच कुछ संगठनों ने फिल्म की शूटिंग रोकने की चेतावनी दी थी, जबकि निर्माता अमित जानी ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हवाला देते हुए सांसद के पिता ममलूकुर्रहमान बर्क को कानूनी नोटिस भेज दिया था।

दूसरे पोस्टर में आग से जलते सेठ बनवारी लाल का चेहरा नजर आया था। इस भूमिका को अभिनेता रजनेश दुग्गल निभा रहे हैं। शनिवार को फिल्म निर्माता अमित जानी फिल्म के तीसरे किरदार 'नवाब साहब' को सामने लाए। फिल्म के पोस्टर में मशहूर कलाकार अन्नू कपूर नवाब साहब के किरदार में नजर आ रहे हैं। नवाब साहब के बारे में कहा जा रहा है कि यह कैरेक्टर सपा विधायक इकबाल महमूद के इर्द-गिर्द बुना गया है। निर्माता अमित जानी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि 'नवाब साहब' का किरदार शहर के एक ताकतवर और प्रभावशाली नेता का है, जो फिल्म में अब्बाजान और भाईजान का राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी होगा। यह किरदार कहानी को नया मोड़ देने वाला माना जा रहा है।

### एसपी केके विश्नोई सहित कई किरदार सामने आना बाकी

**संभल, अमृत विचार :** निर्माता के अनुसार फरवरी माह के अंत तक फिल्म के अन्य महत्वपूर्ण किरदारों, जिनमें एसपी संभल सहित कई प्रमुख रोल शामिल हैं, उन्हें भी रिवील किया जाएगा। इसके बाद मार्च 2026 से संभल में फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी है। जिला प्रशासन से आवश्यक अनुमति लेने की प्रक्रिया भी समय पर पूरी करने का दावा किया गया है। जानी फायरफॉक्स फिल्म्स का कहना है कि 'कल्कि संभल' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि संभल के सामाजिक और राजनीतिक हालात पर आधारित एक सशक्त सिनेमाई प्रस्तुति होगी। अन्नू कपूर जैसे अनुभवी अभिनेता के जुड़ने से फिल्म को और मजबूती मिलने की बात कही जा रही है।

## स्टेट ब्रीफ

### शादी में युवक ने तोड़ा दम

**बिजनौर, अमृत विचार :** शादी समारोह में शामिल होने आए एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डिम्पल पुत्र सीताराम निवासी ग्राम वाल किशनपुर थाना शेरकोट अपनी पत्नी सीमा के साथ ग्राम गोविंदपुर थाना स्योहारा में अपने मौसेरे भाई बलजीत की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने आया था। प्रातः अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई।लोगों ने तुरंत ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक, यानी हृदय गति का रुक जाना पाया गया है।

### विशाल भंडारा

**बिलारी, अमृत विचार :** हाथीपुर पर त्रिमूर्ति अमरनाथ कावड़ बेड़े की ओर से महाशिवरात्रि के पर्व पर तीन दिवसीय विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। हरिद्वार और ब्रजघाट जैसे स्थानों से पवित्र गंगाजल भरकर ला रहे शिव भक्तों को विश्राम के लिए रोका गया और उनकी सेवा आदि की गई। सेवादारी करके पैर आदि दबाए गए। इसके अलावा नाश्ता और जलपान की व्यवस्था भी की गई। त्रिमूर्ति कांवड़ बेड़े के महंत तरुण कपूर, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, गौरव यादव, डॉ. सियाराम प्रेमी ने भंडारे में सहयोग दिया।

# कांवड़ यात्रा के चलते मनोटा पुल की साप्ताहिक पैंठ बंद

## बाजार में आए व्यापारियों ने समेटा सामान, हुए परेशान

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**



मनोटा साप्ताहिक बाजार से सामान समेटते दुकानदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस ने शनिवार को मनोटा पुल पर लगने वाली साप्ताहिक पैंठ बाजार नहीं लगने दी। व्यापारियों और खरीदारी के लिए पहुंचे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

हर शनिवार मनोटा पुल के पास लगने वाली इस पैंठ में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग रोजमर्रा की वस्तुएं, खाद्यान्न और घरेलू सामान खरीदने आते हैं। लेकिन इस बार कांवड़ियों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए पुलिस ने बाजार लगाने पर रोक लगा दी। पुलिस का कहना है कि महाशिवरात्रि के मद्देनजर सड़कों पर कांवड़ियों की आवाजाही अधिक है। भीड़भाड़ से बचने और किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह

● **रोजमर्रा का सामान खरीदने पहुंचे लोग लौटे खाली हाथ**

कदम उठाया गया। अनाउंसमेंट कर व्यापारियों को बाजार न लगाने के निर्देश दिए गए। हालांकि बाजार बंद होने से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। कई दुकानदार सुबह से दुकान सजाकर बैठे थे, लेकिन पुलिस के निर्देश के बाद उन्हें सामान समेटना पड़ा। उधर, दूर-दराज गांवों से आवश्यक सामान खरीदने पहुंचे ग्रामीणों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना था कि यदि पहले से सूचना दी जाती तो वे दूसरे दिन खरीदारी की व्यवस्था कर लेते। वहीं व्यापारियों ने भी प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति में पूर्व सूचना दी जाए, ताकि उन्हें नुकसान न उठाना पड़े। पुलिस प्रशासन का कहना है कि कांवड़ यात्रा के शांतिपूर्ण संचालन के लिए यह अस्थायी व्यवस्था की गई है और त्योहार के बाद बाजार पूर्ववत संचालित होगा।

# मधुमक्खियों के हमले में कई घायल

**बबराला, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि से एक दिन पहले शनिवार दोपहर गुन्नौर स्थित प्रसिद्ध पाताली महादेव मंदिर परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। उस समय कांवड़ियों की सेवा के लिए शिविर लगाया जा रहा था। दर्जनों लोगों को मधुमक्खियों ने हमला कर घायल कर दिया। डाक्टरों की टीम ने घायलों का इलाज किया है।

गांव तरफरी निवासी सोनू , एकपाल और निशांत मंदिर में कांवड़ियों के लिए टेंट लगा रहे थे। इसी दौरान किसी ने पास ही पेड़ में लगे मधुमक्खियों के छत्ते को छेड़ दिया, जिससे मधुमक्खियां आक्रामक हो गईं और वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले से मौके पर भगदड़ मच गई। सोनू, एकपाल और निशांत मधुमक्खियों के हमले का शिकार बन गए। गनीमत रही कि घटना दिन में हुई और भीड़ अधिक नहीं थी। सीएचसी के फार्मासिस्ट दीपक यादव और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

# प्रदेश के निर्यातक राष्ट्र निर्माण में दे रहे योगदान

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**




मेले को संबोधित करते उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) द्वारा इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर 14 से 18 फरवरी तक आयोजित 61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला स्प्रिंग में शनिवार को दिनभर खरीदारों की बड़ी संख्या जुटी।

कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश सरकार ने मेले का भ्रमण किया। उन्होंने प्रदर्शकों से संवाद कर प्रदर्शित उत्पादों की उत्कृष्ट कारीगरी और वैश्विक बाजार में उनकी उपयुक्तता पर विशेष ध्यान दिया । उन्होंने मेले के भव्य स्वरूप, उत्पादों की व्यापक विविधता तथा इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट की सुदृढ़ अवसंरचना की सराहना की। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हस्तशिल्प निर्यात उल्लेखनीय रूप से बढ़ रहा है और प्रदेश के निर्यातक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं । उन्होंने कहा कि आगामी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा कनेक्टिविटी और व्यापार अवसरों को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

ईपीसीएच के चेयरमैन डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि यह आयोजन अत्यंत सकारात्मक गति के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें विदेशी खरीदारों, बाइंग हाउसेज़, एजेंट्स तथा घरेलू वॉल्यूम खरीदारों की मजबूत भागीदारी दिखाई दे रही है।

● **कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया मेले का दौरा**

आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि तीन दशकों से अधिक समय से ईपीसीएच आयोजनों में अंतरराष्ट्रीय खरीदारों का निरंतर विश्वास एवं सहभागिता इस मेले के दीर्घकालिक महत्व को दर्शाती है।

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने कहा कि वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा आयोजित 'भारत के मास्टर क्राफ्ट्स की एक्सक्लूसिव आर्ट ऑक्शन' आयोजित की जाएगी। यह ऐतिहासिक पहल शिल्प गुरु पुरस्कार विजेताओं और राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार विजेताओं (2023–2024) द्वारा तैयार 12 उत्कृष्ट कृतियों का क्यूरेटेड प्रदर्शन प्रस्तुत करेगी। ईपीसीएच के मुख्य संयोजक अवधेश अग्रवाल ने कहा, "वैश्विक अपील और उद्यमियों, निर्यातकों तथा कारीगरों को जोड़ने की अपनी विशिष्ट क्षमता के लिए प्रसिद्ध आईएचजीएफ दिल्ली मेला, भारतीय उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता, विशिष्ट डिज़ाइन और अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए तैयार होने के स्तर को लेकर विदेशी खरीदारों का विश्वास निरंतर मजबूत करता है। हर संस्करण नए व्यवसायिक अवसरों के लिए उत्प्रेरक का काम करता है, नए खरीदार संबंध बनाता है और लगातार विकसित होते उत्पाद-वर्ग को प्रदर्शित करता है।

# रुचि के विषय में पूरे मनोयोग से लें प्रशिक्षण



करियर कार्यशाला में मौजूद प्रशिक्षार्थी एवं प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिला सेवायोजन के तत्वावधान में शनिवार को सहारा नर्सिंग कॉलेज में करियर काउंसलिंग कार्यशाला हुई। विषय विशेषज्ञ स्टेट ट्रेनर स्वास्थ्य विभाग डॉ. नूर मोहम्मद और मनोज कुमार ने करियर को लेकर जानकारी दी। स्टेट ट्रेनर ने कहा कि रुचि के विषय में पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर आगे बढ़ें।

कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ ने छात्राओं को एएनएम, जीएनएम के बाद आउट सोर्सिंग की रिक्तियों में अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन करने की जानकारी दी। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने छात्र-छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल पर नर्सिंग की ओवरसीज जॉब के लिए पंजीयन कराने की जानकारी दी। ओवरसीज जॉब पर आवेदन करने का तरीका समझाया । छात्र-छात्राओं को जर्मनी, जापान, इजराइल में 5500 नर्सिंग की जॉब के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य विनोद सिंह ने आभार जताया।

# शिक्षक के घर लाखों की चोरी किरायेदार को भी बनाया निशाना

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचारः** कटघर थाना क्षेत्र के एकता विहार दक्षिणी में चोरों ने एक इंटर कॉलेज शिक्षक के बंद घर का ताला तोड़कर नकदी और जेवर समेत लाखों रुपये का माल पार कर दिया। चोरों ने मकान में रह रहे किरायेदार के कमरे को भी निशाना बनाया। घटना के समय शिक्षक परिवार सहित अपने पैतृक गांव गए हुए थे।

एकता विहार दक्षिणी निवासी मोहम्मद दानिश अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। उन्होंने अपने मकान का भूतल कच्चाबाग निवासी मोहम्मद उजैर को किराए पर दिया है। मोहम्मद दानिश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 जनवरी 2026 को उनकी मां की तबीयत खराब होने पर वह परिवार समेत मूंढापांडे क्षेत्र के गांव गोविंदपुर खुर्द चले गए थे। छह फरवरी को वह कुछ जरूरी कपड़े लेने घर आए थे, तब सबकुछ सामान्य था। 11 फरवरी को दोपहर करीब 3:45 बजे किरायेदार ने फोन कर घर के ताले टूटे होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि उनके और किरायेदार के कमरों की आलमारियां टूटी हुई थीं। चोर सोने-चांदी के जेवर, एक हीरे की अंगूठी और नकदी सहित करीब 15 लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी कर ले गए।मामले में कटघर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएचओ विनोद कुमार के अनुसार सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। 10 फरवरी की रात संदिग्ध युवक घर में घुसते दिखाई दिए हैं। उनकी पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ग्रामीण की जेब से निकाले 60 हजार

**बबराला, अमृत विचार :** टप्पेबाजों ने भैंस खरीदने जा रहे एक ग्रामीण की जेब से 60 हजार रुपये उड़ा लिए गए। थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी झंडू पुत्र पीतांबर शनिवार सुबह करीब 11 बजे ई–रिक्शा में सवार होकर जुनावई की पशु हाट में भैंस खरीदने जा रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब से 60 हजार रुपये निकाल लिए। गांव इटऊआ पहुंचने पर रुपये गायब होने का पता चला तो उसके होश उड़ गए। उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने थाना बबराला पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि शुक्रवार को भी टप्पेबाजों ने बदायूं जनपद के बजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव उरैना निवासी शाहिद हुसैन को बबराला के इंदिरा चौक पर झांसा देकर 30 हजार रुपये से भरा बैग उड़ा दिया था।

# न्यूज डायरी



### एडीएम व एएसपी ने मंदिरों का किया निरीक्षण

**संभल/कुढ़ फतेहगढ़, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शनिवार को अपर जिला अधिकारी प्रदीप वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव छाबड़ा स्थित झारखंड धाम शिव मंदिर तथा गांव बेरनी के बेरनी शिव मंदिर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने मंदिर परिसरों में जलाभिषेक, भीड़ प्रबंधन, बैरिकेडिंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा मेले के दौरान शांति और व्यवस्था बनी रहे। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व पर छाबड़ा के झारखंड धाम शिव मंदिर और बेरनी शिव मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। दोनों स्थानों पर पारंपरिक रूप से मेला भी आयोजित होता है।



### श्रद्धा व उत्साह से भरे कांवड़िया लगा रहे जयकारे

**चंदौसी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। शिवभक्त गंगा घाटों से पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा पूरी कर नगर लौट रहे हैं। शनिवार को दिनभर और देर रात तक सड़कों पर कांवड़ियों की आवाजाही बनी रही। 'हर–हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कांवड़िये भजन–कीर्तन करते हुए तो कई डीजे की धुन पर झूमते हुए शिवालयों की ओर बढ़ते नजर आए। कांवड़ियों के लिए जलपान व विश्राम की व्यवस्था की गई। मंझावली क्षेत्र में अग्रवाल व गोयल परिवार तथा श्रीराधा रानी सेवा समिति द्वारा भंडारे आयोजित कर शिवभक्तों की सेवा की गई। ग्राम प्रधान विजय सिंह ने भी स्टॉल लगाकर कांवड़ियों का स्वागत किया। टनाटन परिवार ने विशाल कांवड़ लाकर श्रद्धा प्रकट की।

### नारायण का परिपूर्ण स्वरूप है श्रीमद्भागवत

**रामपुर, अमृत विचार :** श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ समिति की ओर से आवास विकास कॉलोनी में शनिवार सुबह कलश यात्रा के साथ नवम वार्षिक श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ हुआ। भागवत भूषण पंडित देव व्रत शुक्ल नैमिष्ठ ने श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत नारायण का परिपूर्ण स्वरूप है अर्थात यह एक दिव्य ग्रंथ है जो जीव के जीवन से अंधकार को समाप्त कर प्रकाशवान करती है। उन्होंने कहा कि इस ग्रंथ के सुनने मात्र से ही जीव के समस्त पापों का विनाश होता है। योग, कर्म योग समाज से धर्म व अधर्म का ज्ञान तथा राजनीतिक ज्ञान प्राप्त होता है। इसलिए जीव को एक क्षण भी ईश्वर चिंतन के बिना नहीं रहना चाहिए। जब लौकिक संबंधों का विस्मरण होता है तभी भगवान से संबंध होता है। वासना पुनर्जन्म का कारण बनती है, जब वासना समाप्त होती है तभी उपवासना का जन्म होता है। मानव के पूर्व जन्मों के पुण्य के कारण ही कथा सुनने का अवसर प्राप्त होता है। कथा से पूर्व प्रातः शिव मंदिर पुरानी आवास विकास कॉलोनी रामपुर से श्रीमद्भागवत कथा एवं 108 कलशों का पूजन मुख्य अजमान सूर्यनाथ यादव एवं पत्नी नीलम यादव द्वारा किया। पूजन देवव्रत शुक्ल द्वारा विधि विधान से कराया गया। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची। हरीश अग्रवाल, विनोद गुप्ता, आरके अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, सुशील गुप्ता, धीरेंद्र अग्रवाल, तेजवीर यादव, राधेश्याम यादव, अंकित कुमार, दिनेश कुमार, दिलीप भाटिया, कृष्ण गोपाल शर्मा व कई लोग मौजूद रहे।



### फूलों की होली में जमकर झूमे लोग

**संभल, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम की ओर से उमंग, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से सजा गीत–संगीतमय फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। डॉ. रितु सक्सेना के आवास पर समारोह हुआ। संस्था अध्यक्ष डॉ विजयलक्ष्मी शर्मा ने मां सरस्वती और भारत माता की वंदना प्रस्तुत की। डॉ. डीएन शर्मा ने कहा होली हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है, जो उल्लास, प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। कार्यक्रम में लोकगीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। पिया संग खेलूं होली और होलिया में उड़े रे गुलाल पर पूजा शर्मा का नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। महामंत्री पूनम शुक्ला ने होली पर आधारित कविता से तालियां बटोरीं। मनीष और नेहा ने आज ब्रज में होरी रे रसिया पर मयूर नृत्य किया। नृत्य के दौरान जब मंच से गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा हुई तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो संभल नहीं बल्कि ब्रज की गलियों में फूलों की होली खेली जा रही हो। मुख्य अतिथि सविता चौरसिया ने होली को भाईचारे और सौहार्द का पर्व बताया। बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मनीष पवार, अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार गुप्ता, डॉ अनीता अग्रवाल, डॉ बिलाल वारसी, चौधरी हरवीर सिंह शामिल रहे।



### जर्जर सड़क बनाने की मांग, प्रदर्शन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला कायस्थान से कस्बा राजपुर को जाने वाले मार्ग की बदहाली को लेकर लोगों ने आक्रोश जाहिर किया। गुस्साए लोगों ने पालिका के खिलाफ प्रदर्शन कर मार्ग का निर्माण कराने की मांग की। नगर पालिका क्षेत्र के तहत आने वाले मोहल्ला कायस्थान से कस्बा राजपुर को जाने वाला मार्ग जर्जर अवस्था में है। शनिवार को मोहल्लेवासियों ने एकत्र होकर नगर पालिका के खिलाफ विरोध जताकर प्रदर्शन किया। लोगों ने बताया कि यह मार्ग लंबे समय से जर्जर व खस्ताहाल अवस्था में पड़ा है। आए दिन दोपहिया और ई रिक्शा समेत आदि वाहन मार्ग के गड्ढों में फंसकर पलट जाते हैं। साथ ही डंपिंग ग्राउंड में लगे कूड़े से उड़ रही दुर्गंध से भी लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। कहा कि मार्ग के निर्माण और डंपिंग ग्राउंड की वैकल्पिक व्यवस्था कराने के लिए कई बार पालिका में शिकायत कर चुके हैं। परंतु आज तक उनकी शिकायत का समाधान नहीं किया जा सका। इस पर अधिशासी अधिकारी डॉ. नितिन कुमार गंगवार ने बताया कि डंपिंग ग्राउंड से सड़क पर बिखरे कूड़े को सड़क से हटवाकर अंदर कराया जाएगा। इस मौके पर राजेश कुमार, शराफत अली, शिव राम सिंह, राम सैनी, कलकंद, मोहर सिंह, प्रताप सिंह, महफूज अली, इरशाद आदि मौजूद रहे।

### पुलवामा हमले के शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



**मसवासी, अमृत विचार :** जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले की बरसी पर विकास भारती स्कूल में शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का की गई। चेयरमैन संसार सिंह ने कहा कि 2019 में हुआ पुलवामा हमला देश के इतिहास की एक काली घटना है, जिसमें 40 वीर जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने विद्यार्थियों से शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने और राष्ट्र की एकता व अखंडता बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या स्मिता गुप्ता ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह सातवां वर्ष हमें उनके त्याग, साहस और देशभक्ति की याद दिलाता है। उन्होंने छात्रों को देश सेवा और अनुशासन का महत्व समझाया। दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में दीप प्रज्जवलित कर वीर जवानों को नमन किया गया।

# कला, संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**



नवाचार महोत्सव एवं कला उत्सव के समापन पर मौजूद शिक्षक व प्रवक्ता।

**अमृत विचार :** एससीईआरटी तथा डायट के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली मंडप में आयोजित दो दिवसीय नवाचार महोत्सव एवं कला उत्सव का शनिवार को समापन हुआ।

कार्यक्रम की आयोजक तृप्ति चंद्रा ने बताया कि महोत्सव में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालयों तथा डीएलएड. प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किए गए नवाचार, उत्कृष्ट कार्य पद्धतियों के शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) एवं कला कृतियों का सुंदर प्रदर्शन किया। मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में राजकीय रज़ा डिग्री कॉलेज से डॉ. हितेंद्र कुमार (एसोसिएट प्रोफेसर), डॉ. सोमेंद्र कुमार एवं डॉ. विजेंद्र सिंह (असिस्टेंट प्रोफेसर) उपस्थित रहे। उन्होंने सभी कृतियों का गहन अवलोकन कर निष्पक्ष मूल्यांकन किया। कला प्रतियोगिता में शिक्षकों की श्रेणी से दीपा राणा तथा डीएलएड प्रशिक्षुओं में इफतर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्य पद्धति की टीएलएम प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय श्रेणी से श्वेता सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय से रवि माथुर, माध्यमिक श्रेणी से अंजू सिंह एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षुओं में दीक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डायट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक अशोक कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्र-शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। उन्होंने सभी को अपनी कला एवं संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रवक्ता राजेश कुमार, बृजराज किशोर, उमा यादव (प्रशिक्षु), विज्ञान क्लब से सोमपाल, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार, अनुप कुमार, रविंद्र कुमार सहित डायट स्टाफ उपस्थित रहा।

● **रंगोली मंडप में दो दिवसीय नवाचार एवं कला महोत्सव हुआ संपन्न**

# 30 लोगों ने किया रक्तदान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचारः** रॉयल वाल्मीकि आर्मी के तत्वावधान में लगे रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्यातिथि जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने कहा कि दान किया हुआ खून किसी की जान बचा सकता है।

कहा कि लोगों को रक्तदान करना चाहिए इससे शरीर में खून की कमी नहीं होती है बल्कि, ताजा खून बन जाता है। 30 लोगों ने रक्तदान किया। मुख्यातिथि ने कहा कि किसी की जाती हुई जान बचाना सबसे पुण्य का कार्य है। रक्तदान करने से किसी की जाती हुई जान बचाई जा सकती है इसलिए युवाओं को बढ़ चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष शशांक राज, लकी द्राविड़, सुनील राज, शानू कठेरिया, राम कुमार गौतम, शरद राज, अंबर कठेरिया, साहस चंद्रा, सौभाग्य कौशल, नितिन सरदार आदि मौजूद रहे।




शिविर में रक्तदान करती युवती। ● अमृत विचार

# अकबराबाद में कोसी नदी क्षेत्र में नायब तहसीलदार का छापा

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार :** दढ़ियाल चौकी क्षेत्र के अकबराबाद कोसी नदी क्षेत्र में एसडीएम के आदेश पर नायब तहसीलदार ने कोसी नदी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की। लेकिन सूचना की भनक मिलते ही अवैध खनन करने वाले मौका पाकर वाहनों सहित फरार हो गए। जिससे राजस्व टीम को सफलता नहीं मिल सकी।

शुक्रवार की देर रात टांडा तहसील के नायब तहसीलदार विश्वास कुमार दीक्षित दल बल के साथ कोसी नदी के घाटों पर पहुंचे, लेकिन सूचना उनके पहुंचने से पहले ही लीक हो गई। मसवासी क्षेत्र के भूबरा मुश्तहकम के किसानों का आरोप है कि लेखपाल की सांठगांठ से अवैध खनन हो रहा है और उनके खेतों में खड़ी फसल को तहस-नहस किया जा रहा है। राजस्व अधिकारियों से शिकायत के बाद भी खनन धंधेबाज के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। कई ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को ट्वीट कर शिकायत की है कि प्रतिबंध के बाद भी खेतों से अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है जिसमें राजस्व प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है। खनन के कारोबारियों से सांठ गांठ रखने वाले लेखपाल को ही एसडीएम ने जांच करने के निर्देश दिए हैं जिससे जांच निष्पक्ष नहीं होगी। किसान मुकेश कुमार, हरपाल सिंह, सोहन सिंह, राकेश कुमार आदि ने जिला अधिकारी से खनन धंधेबाज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। टांडा एसडीएम ने निगरानी के निर्देश दिए हैं।

# स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**



राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में टीकाकरण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर शनिवार को शुरु हुआ। प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा, मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व डिप्टी सीएमओ विकास कुमार मौजूद रहे। स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती वंदना एवं लक्ष्य गीत की प्रस्तुति किया।

स्वयंसेविकाओं ने शिविर के पहले दिन स्वास्थ्य सेवा सहयोग और सुरक्षा थीम पर टोली बनाकर बस्ती में जाकर लोगों को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य केवल सेवा कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में जागरुकता फैलाना और लोगों को स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है।

● **स्वयंसेवकों ने बस्ती में जाकर लोगों को परिवार कल्याण के कार्यक्रमों की जानकारी दी**

मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बस्ती के लोगों को टीकाकरण एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी। बताया कि नियमित स्वास्थ्य जांच और स्वच्छता अपनाने से अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सविता अग्रवाल एवं शिवानी गुप्ता ने किया। द्वितीय सत्र में जिला अस्पताल से आए कॉर्डिनेटर प्रमोद (सीएचओ), कुंवर पाल सिंह, डॉ.संदीप अग्रवाल, डॉ.राशिद, डॉ.प्रवीण कुमार, डॉ.अनुभव तथा डॉ.अरबईन ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाएं भी दी।

